भोपाल
सोमवार, 29 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष-04
वर्ष : 10, अंक : 312
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' करेंगे। चर्चा से एक दिन पहले पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। पीएम ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया है। जबकि 2018 में पहली बार हुए इस कार्यक्रम में यह संख्या केवल 22,000 थी।










राजस्थान व मप्र के बीच तीनों नदियों के जल बंटवारे को लेकर सहमति बनी, अंतिम निर्णय केंद्र सरकार के साथ चर्चा के बाद हुआ

# दोनों राज्यों के लोगों को पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों के पानी का 'भरपूर लाभ' मिलेगा

*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मोदी राज्यों के परस्पर सहयोग पर जोर देते हैं। उनके नेतृत्व में और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सहयोग से राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ रविवार को चर्चा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इससे दोनों राज्यों के लाखों किसानों का जीवन बदलेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र व राजस्थान के बीच वर्षों से चली आ रही नदी जल बंटवारे विवाद पर सहमति बन गई है। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इस मुद्दे को लेकर जयपुर पहुंचे थे। उनकी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के बीच काफी देर तक चर्चा हुई। इस चर्चा में सहमति बनी। मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच रविवार को श्रमशक्ति भवन स्थित जल शक्ति मंत्रालय के कार्यालय में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना के त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान ▶▶शेष पेज 6 पर



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री की उपस्थिति में सीएम डॉ. यादव और राजस्थान के सीएम शर्मा के बीच दिल्ली में इस परियोजना के लिए एमओयू हुआ।

### दो दशकों से लंबित परियोजना अब मूर्त रूप ले सकेगी

**चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को फायदा : डॉ. यादव**

समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगभग दो दशकों से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना अब मूर्त रूप ले सकेगी। इस परियोजना से मप्र के चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को लाभ पहुंचेगा। प्रदेश के ड्राई बेल्ट वाले जिलों जैसे मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, भिंड और श्योपुर में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और औद्योगिक बेल्ट वाले जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास और राजगढ़ के औद्योगीकरण को और बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश के मालवा और चंबल अंचल में लगभग तीन लाख हेक्टेयर का सिंचाई रकबा बढ़ेगा। परिणामस्वरूप इन अंचलों के धार्मिक और पर्यटन केंद्र भी विकसित होंगे। यह परियोजना निश्चित रूप से पश्चिमी मध्यप्रदेश के लिए एक वरदान है।

## खबर संक्षेप

### बर्नार्ड अरनॉल्ट दुनिया के सबसे अमीर शख्स


**वाशिंगटन।** फोर्ब्स ने वर्तमान समय के अरबपतियों की सूची जारी की है। लग्जरी ब्रांड



एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 207.8 बिलियन डॉलर हो गई।

### बरेली में दंपती सहित तीन बच्चे जिंदा जले

**बरेली।** उप्र बरेली के फरीदपुर कस्बा में एक ही परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो



गई। मरने वालों में दंपती और उनके तीन मासूम बच्चे हैं। पांच लोग एक कमरे में सो रहे थे। रविवार तड़के घटना की जानकारी होने पर फोर्स के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कमरे में बाहर से ताला लगा हुआ था। इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### पेड़ से कार की टक्कर में दो युवकों की हुई मौत


**सागर।** सागर- जबलपुर रोड पर तेंदूखेड़ा के पास तेज रफ्तार एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर



देर रात पेड़ से टकरा गई। कार में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी पुलिस को सुबह लगी। यात्री बस के चालक की नजर जंगल के अंदर गाड़ी पर पड़ी। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई।

### पुलिस पिटाई के बाद युवक ने लगाई फांसी

**रतलाम।** बाजना में पुलिस की पिटाई से दुखी होकर युवक की खुदकुशी मामले में गुस्साए लोगों



ने रविवार को फिर थाने टेबल पर युवक का शव रखकर धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि पूरे थाने का स्टाफ बदला जाए। नहीं तो शव को थाने में ही जलाएंगे। परिजनों को 2 लाख रु. का चेक देने के बाद धरना खत्म हुआ।

**बिहार में सरकार नई लेकिन चेहरा वही**

करीब 17 महीने बाद बिहार में फिर लौटी एनडीए की सरकार, राजद का 'सरेंडर'

# ये नीतीश ही कर सकते हैं...सुबह इस्तीफा ठीक छह घंटे बाद फिर बन गए मुख्यमंत्री



**नीतीश का तर्क**

महागठबंधन में ठीक नहीं चल रहा था। काम करने में परेशानी आ रही थी। इसलिए, पुराने गठबंधन को फिर से चुनना पड़ा।

*नीतीश अब फिर से एनडीए के कुनबे में आ गए हैं। अब भले ही उनको राजनीति में सर्वाधिक पाला बदलने वाला कहा जाए पर राजनीति में अपना अस्तित्व सुरक्षित करना सबसे बड़ा दांव होता है। नीतीश ने वही किया। लोकसभा चुनाव इस दांव का लिटमस टेस्ट होगा।*

एजेंसी ▶▶पटना/नई दिल्ली

भारतीय राजनीति में वैसे भी यह नीतीश कुमार के बस का ही है। वही ऐसा करिश्मा लगातार कर सकते हैं। रविवार को उन्होंने 4 साल के दौरान तीसरी बार और अब तक कुल नौंवी बार सीएम पद की शपथ ली। इस बार उनका तर्क था कि महागठबंधन में ठीक नहीं चल रहा था।

काम करने में परेशानी आ रही थी। इसलिए, पुराने गठबंधन को फिर से चुनना पड़ा। खास बात यह है कि नीतीश ने संजय झा के जरिए लगभग डेढ़ महीने पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को महागठबंधन से निकलने और एनडीए में शामिल होने की इच्छा का संदेशा भिजवाया ▶▶शेष पेज 6 पर

**सुबह** पार्टी बैठक के बाद राज्यपाल को नीतीश ने सौंप दिया था इस्तीफा

**दोपहर** बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पटना आए और उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की

*ये है कुल 27%: (4 फीसदी पिछड़ा व 3% कोइरी, नीतीश कुर्मी समाज से आते हैं उनका वोट प्रतिशत करीब 20 फीसदी है। ) प्रतिशत वोटों का कांबिनेशन।*



**उपमुख्यमंत्री**



1. सम्राट चौधरी (भाजपा): कोइरी



2. विजय सिन्हा (भाजपा): भूमिहार

**कैबिनेट मंत्री**

*3. डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा): अति पिछड़ा जाति (कहार)*
*4. विजेंद्र प्रसाद यादव (जदयू): यादव पिछड़ा वर्ग*
*5. श्रवण कुमार (जदयू): कुर्मी*
*6. विजय कुमार चौधरी (जदयू): भूमिहार*
*7. संतोष कुमार सुमन (हम): महादलित*
*8. सुमित सिंह (निर्दलीय): राजपूत*

### नीतीश ने कहा-हमने सबसे राय लेकर सरकार को समाप्त किया

नीतीश कुमार ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि यह स्थिति इसलिए आई क्योंकि सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था। मैं सभी से राय ले रहा था। मैंने उन सभी की बात सुनी। रविवार को हमने इस्तीफा दे दिया और सरकार को समाप्त कर दिया है। नीतीश के इस्तीफे के बाद भाजपा नेता गिरिराज सिंह का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को मैं धन्यवाद देता हूं कि ▶▶शेष पेज 6 पर

**ये कुछ बयान पढ़िएगा...**

- **तेजस्वी बोले- खेल अभी बाकी है, 2024 में खत्म हो जाएगी जेडीयू:** राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा- मैं एक बात स्पष्ट रूप से कह दूं अभी खेल शुरु हुआ है, अभी खेल बाकी है। मैं जो कहता हूं वह करता हूं. आप लिखकर ले लीजिए जेडीयू पार्टी 2024 में ही खत्म हो जाएगी।
- **कांग्रेस ने कहा-नीतीश गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं :** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने ▶▶शेष पेज 6 पर

**18 आईएएस अफसरों के तबादले**

## रस्तोगी और मनीष को मिला काम मनु को ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी



मनीष रस्तोगी



मनीष सिंह



मनु श्रीवास्तव

### जीएडी पूल में पदस्थ अफसरों को मिली नई जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राज्य सरकार ने रविवार को 18 वरिष्ठ आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। इसमें उन अफसरों को भी शामिल किया गया है, जो पिछले महीने भर से बिना कार्य के जीएडी पूल में पदस्थ थे। काफी समय तक सीएमओ में पदस्थ रहे प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी को जेल विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

जबकि जनसंपर्क विभाग के आयुक्त रहे मनीष सिंह को मप्र राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण विवाद आयोग में रजिस्ट्रार बनाया गया है। जीएडी (कार्मिक) ने अपने आदेश में एसीएस मनु श्रीवास्तव को ऊर्जा विभाग की बड़ी जवाबदारी दी है। उन्हें एसीएस ऊर्जा के साथ ही नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा एसीएस कुटीर एवं ग्रामोद्योग का अतिरिक्त प्रभार ▶▶शेष पेज 6 पर

**वरवड़े को आयुक्त उच्च शिक्षा बनाया गया**

निशांत वरवड़े को आयुक्त उच्च शिक्षा बनाया गया है। वे एजुकेशन लीव से आने के बाद से ही जीएडी पूल में प्रतीक्षारत थे। महिला व बाल विकास आयुक्त का जिम्मा सूफिया फारूकी वली को दिया गया है। डॉ. रामराव भोंसले को वहां से हटाकर आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन बनाया गया है। संजीव सिंह को सीईओ पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को भेजा गया है। तरुण राठी को संचालक वाल्मी व सौरव कुमार सुमन को विकव सह आयुक्त सह संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण बनाया गया है। मोहित बुंदस को एमडी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा आयुक्त हस्तशिल्प एवं हाथकरघा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह अन्य अफसरों के तबादले किए गए हैं।

**दर्जन भर शहरों में मध्यम से घना कोहरा रहा**



## भोपाल सहित प्रदेशभर में सर्दी से राहत, रात का पारा 3 डिग्री चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

- जबलपुर संभाग में बूंदाबांदी के आसार

रविवार को प्रदेशभर में रात और दिन के तापमान में बढ़त से तेज सर्दी से राहत रही। भोपाल में दिन का पारा 2.5 डिग्री बढ़कर 28.3 डिग्री पर पहुंच गया। रात का पारा 10.4 डिग्री पर थमा रहा। दिन का पारा बढ़ने से सर्दी में कमी महसूस की गई, जिससे बोट क्लब सहित ज्यादातर पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई।

कुछ जिलों में बादलों के साथ सुबह मध्यम से घना कोहरा रहा, जिससे विजिबिलिटी 1000 मीटर तक सिमट गई। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी प्रदेश में दिन और रात के तापमान में मामूली वृद्धि होगी। रविवार से सक्रिय डब्ल्यूडी (पश्चिमी विक्षोभ) के असर से ▶▶शेष पेज 6 पर

**संसद में प्रवेश के नियम हुए सख्त**

## हर विजिटर को मिलेगा क्यूआर कोड

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

- ऑनलाइन करने होंगे आवेदन

देश के नई संसद भवन की सुरक्षा को लेकर सरकार ने कुछ नए कदम उठाए हैं। इससे संसद में सांसदों, अधिकारियों और कर्मचारियों को छोड़कर अन्य सभी लोगों के लिए चेकिंग रूल और सख्त हो जाएंगे। अब दर्शक दीर्घा में जाने के लिए आसानी से अनुमति नहीं मिल पाएगी। नए नियम में संसद की दर्शक दीर्घा में प्रवेश के



लिए लोगों को सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। अगर आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है तो आवेदक के मोबाइल नंबर पर एक क्यूआर कोड भेजा ▶▶शेष पेज 6 पर

**पत्रकारों से कहा- 'इंडी गठबंधन' नहीं चलेगा**

## मंत्री अठावले का दावा: शिवराज लोकसभा लड़ेंगे और सांसद बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

- भाजपा में नए लोगों को भी मौका देने का प्रयोग

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने दावा किया कि शिवराज सिंह चौहान लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और हर हाल में सांसद बनेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे चौहान को 1998 से ही जानते हैं। उस समय मैं भी सांसद



बना था और वे भी चुनकर आए थे। जहां तक इस बार मुख्यमंत्री नहीं बनने की बात है तो यह भाजपा की अपनी रणनीति है। भाजपा हमेशा नए लोगों को ▶▶शेष पेज 6 पर

### दिग्विजय सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने से किया इंकार

**भोपाल।** कांग्रेस सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। राजगढ़ के



खिलचीपुर में मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरे चुनाव लड़ने का प्रश्न इसलिए नहीं आता क्योंकि मैं राज्यसभा का सदस्य हूं। अभी सवा दो साल मेरे पास हैं। ऐसे में राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस का उम्मीदवार कौन होगा? इसके जवाब में पूर्व सीएम ने कहा कि ये पार्टी तय करेगी। बता दें कि ▶▶शेष पेज 6 पर

### प्रॉपर्टी डीलर, प्रिंसिपल पत्नी और जवान बेटे ने दी जान

**ग्वालियर।** शहर के सिरोल थाना क्षेत्र के हुरावली में एक ही परिवार के पति, पत्नी और बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या



कर ली। पुलिस प्रारंभिक रूप से मामले को अभी आत्महत्या मान रही है। पुलिस का कहना है कि पहले बेटे ने स्वयं को मौत के हवाले किया, उसके बाद माता-पिता ने फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार हुरावली के ए ब्लॉक में रहने वाले जितेंद्र झा प्रॉपर्टी से संबंधित कार्य करते थे। वहीं, उनकी पत्नी किसी सरकारी ▶▶शेष पेज 6 पर

### लड़की से अभद्रता का आरोप युवकों व ट्रेनी जवानों में मारपीट

**इंदौर।** शहर में आए दिन पब में विवाद की खबरें आती हैं। ताजा मामला शनिवार-रविवार रात विजयनगर थाना क्षेत्र



स्थित मिथ्या पब का है। जहां लड़की अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने पहुंची थी। यहां पहले से ट्रेनी सैन्य जवान अपने साथियों के साथ पार्टी कर रहे थे। डांस के दौरान लड़की को सेना के जवान ने हाथ लगा दिया, जिसके बाद उसके साथ आए युवकों ने सेना के जवान के साथ मारपीट कर दी। कुछ देर में ▶▶शेष पेज 6 पर

## एम्स में कैडेवरिक लैब स्थापित करने की योजना

**भोपाल।** जनरल सर्जरी विभाग ने एनाटॉमी और प्लास्टिक सर्जन विभाग, एम्स भोपाल के सहयोग से एवियन सोसाइटी ऑफ मैस्टोलॉजी, अमेरिकन कॉलेज ऑफ सर्जन और आईसीएमआर के तत्वाधिान में कैडेवरिक (शव) पर सीएमई और कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एम्स नई दिल्ली, केजीएमयू लखनऊ, इंदौर, जबलपुर और भोपाल के सर्जन समेत जनरल सर्जन, ऑन्कोसर्जन, प्लास्टिक सर्जन, रेविएनि ऑन्कोलॉजिस्ट और सर्जिकल ट्रेनी नई तकनीक से रूबरू हुए। कार्याशाला को संबोधित करते हुए एम्स डायरेक्टर डॉ अजय सिंह ने कहा कि भोपाल के सर्जनों के लिए एनाटॉमी विभाग में एक कैडेवरिक लैब स्थापित करने योजना बनाई जा रही है। एम्स भोपाल के अध्यक्ष डॉ सुनील मलिक ने स्तन कैंसर के लिए इस तरह की कार्यशाला की सहारना की।

### 8वें अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव में जुटे थाईलैंड, श्रीलंका, भूटान समेत देश-विदेश के बौद्ध भिक्षु, हुई धम्मदेशना

# एक सुर में बोले दुनियाभर से आए भिक्षु...देश-दुनिया में शांति रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को राजधानी में थाईलैंड, श्रीलंका, भूटान, तिब्बत, बांग्लादेश, वियतनाम, अमेरिका के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के बौद्ध धर्मगुरु जुटे। वो इसलिए कि रविवार को दि बुद्ध भूमि धम्मदूत संघ का 8वां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव आयोजित किया गया था।

दि बुद्ध भूमि धम्मदूत संघ द्वारा रविवार को 8वां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव आयोजित किया गया। चूना भट्टी स्थित बुद्ध भूमि महाविहार में यह बौद्ध महोत्सव में भगवान बुद्ध की विशेष आराधना एवं उनके विचारों को साझा किया गया। इसमें देश-विदेश के बौद्ध धर्मगुरु एकत्रित हुए हैं। थाईलैंड, श्रीलंका, भूटान, तिब्बत, बांग्लादेश, वियतनाम, अमेरिका के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के बौद्ध धर्मगुरुओं का इस सम्मेलन में आगमन हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ बौद्ध धर्मगुरु महाअचान फ्रा विधेस वाछिरामेशी विच्छियन महास्थविर, प्रमुख वट थाईसीरी राजगीर फाउंडेशन,थाईलैंड से भी भोपाल आए हैं।



### प्रकाश पुंज हैं बुद्ध

इस मौके पर थाईलैंड से आए प्रमुख-वट थाई सीरी राजगीर फ्रा विधेश वच्छिरामेथी अचान विच्छीअन ने कहा बौद्ध धर्म और बौद्ध कला भारत की सांस्कृतिक विरासत है। इसके होने से ही भारत का सुंदर इतिहास है, जो सदियों से संजोते आ रहे हैं। भगवान बुद्ध इस संपूर्ण एशिया के ज्ञान भंडार के प्रकाश पुंज कहे जाते हैं।



### नित नए शोध कर रहे पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक काल में राजाओं ने इस धर्म व कला को प्रचारित प्रसारित किया। इस तरह इस पवित्र कला व धर्म के प्रति अगाध श्रद्धा रखते हुए इस समय में भी बौद्ध कला से प्रेरणा लेकर भारतीय कला ही नहीं, अपितु विश्व की कलाएं आगे बढ़ रही हैं। नित नए शोध इस कला पर हो रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। महोत्सव में देश-विदेश से 12 सदस्यीय बौद्ध धर्मगुरु सहित बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु शामिल हुए।



### धर्म में राजनीति से विनाश

महोत्सव की शुरूआत से पहले सभी ने बौद्ध विहार में सथापित 25 फीट ऊंची भगवान बुद्ध की मूर्ति के समक्ष पहुंचे। देश-दुनिया में शांति की कामना की। ओरियंट स्टडीज सोसाइटी आफ श्रीलंका के भदंत गिरिमंद महाथेरो, भूटान से लामा पेमा वांगयेल, विश्व शांति संस्थान संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, श्रीलंका, थाईलैंड से आए बौद्ध धर्मगुरुओं ने भारत की प्रशंसा की। कार्यक्रम मुख्य संयोजक भंते शक्यापुत्र सागर थेरो ने कहा राजनीति में धर्म होना चाहिए देश का कल्याण होगा, पर धर्म में कभी भी राजनीति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा धर्म का विनाश होगा। वे लोग महान होते हैं, जो धंधे में भी धर्म करते हैं और उससे बड़ा पापी कौन जो धर्म में भी धंधे करते हैं। दुनिया में सच्चा कार्यकर्ता वही होता है जिसका कार्य तो करता है, लेकिन दिखाता नहीं है।

## राज सिलावट संगठन की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**भोपाल।** राजधानी के गांधी भवन में रविवार को राज सिलावट समाज की बैठक हुई, जिसमें समाज मे होने बाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन के प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सामाजिक समस्यायो पर जागरुकता और समाज को सशक्त बनाने क समाज के सदस्यों पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी केएल सिलावट, जीपी सिलावट, दुर्गा प्रसाद, योगेश सिलावट, विकास सिलावट, शेलेंद्र सिलावट एवं अन्य सभी समिति सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन का अकाउंट जल्द खोला जाए, साथ ही परिचय सम्मेलन के लिए पिपरिया में आगामी बैठक की जाए एवं समस्त स्थिति का आंकलन करने सक्षम पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी जाए जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

राजपूत समाज के परिचय सम्मेलन में 125 से अधिक युवाओं ने बताई अपनी पसंद

# मंच से युवतियों ने कहा-दहेज चाहिए तो रिश्ते के लिए न करें संपर्क...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार इमली स्थित मप्र राजपूत भवन में मध्य प्रदेश राजपूत समाज संस्था का परिचय सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। युवक-युवती परिचय सम्मेलन पारंपरिक रूप से होने वाले सम्मेलनों से अलग हट कर था। इसे सार्थक बनाने के लिए कई नई रचनात्मक पहल की गईं। इस मौके पर मंच से कई युवतियों ने अपना परिचय देते हुए कहा कि जो दहेज चाहते हैं, वे परिवार रिश्ते के लिए उनसे संपर्क न करें। 125 से ज्यादा युवक यूवतियों ने अपने जीवनसाथी चुनने की इच्छा बताई ,जिसमें अधिकतर युवतियों ने विशेष रूप से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर जीवनसाथी चुनना चाहा ,वहीं युवकों ने अपने जीवनसाथी के रूप में शिक्षित, समझदार युवती को अपना जीवनसाथी बनाने की प्राथमिकता बताई ।










### मासिक पत्रिका राजपूत दर्पण परिचय विशेषांक विमोचित

इस परिचय सम्मेलन में डॉक्टर, इंजीनियर ,चार्टर्ड अकाउंटेंट, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, उच्च शिक्षित सहित कई व्यवसाई आत्मनिर्भर युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया, वहीं कई बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों की अनुपस्थिति में उनका परिचय दिया। इस अवसर पर समाज की मासिक पत्रिका राजपूत दर्पण परिचय 2024 विशेषांक का विमोचन किया गया।

## दिव्यांग विद्यार्थियों को विवि, कॉलेज के हॉस्टल में मिलेगा आरक्षण

**भोपाल।** मप्र के उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश में संचालित सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को निर्देश जारी कर दिव्यांग छात्रों को होस्टल में आरक्षण देने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा है कि उच्च शिक्षा विभाग के तहत संचालित समस्त विश्वविद्यालयीन अथवा महाविद्यालयीन छात्रावासों में दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रवेश में आरक्षण प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांजन सशक्तिकरण संचालनालय, से प्राप्त पत्र के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं कि विश्वविद्यालयों एवं शासकीय महाविद्यालयों में विद्यमान छात्रावासों में दिव्यांग विद्यार्थियों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 32 के तहत उच्च शिक्षा संस्थाओं में आरक्षण अनुसार प्रवेश में 5 प्रतिशत का आरक्षण प्रावधानित करने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### शक्ति मंदिर में किया गया गठन



## प्रगतिशील क्षेत्रीय राजपूत समाज की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**भोपाल ।** प्रगतिशील क्षेत्रीय राजपूत संस्था भोपाल की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को शक्ति मंदिर राजपूत समाज गोविंदपुरा में किया गया। समाज के अध्यक्ष सतीश सिंह राजपूत ने बताया कि कार्यकारिणी में युवा अध्यक्ष उमाशंकर राजपूत, सचिव ओम सरवर, सह-सचिव माधव सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण तोमर, सह कोषाध्यक्ष डी एल सोलंकी, सांस्कृतिक सचिव चैन सिंह राजपूत, सह सचिव अनिल राजपूत, उपाध्यक्ष सुभाष सिंह तोमर, रामदास मंडलोई, मेहताब सिंह राजपूत, मदन सिंह राजपूत, कंचन सिंह राजपूत, अरविंद चौहान, अनूप सिंह राजपूत, नवल सिंह राजपूत, मुकेश राजपूत, दीपक राजपूत, अनिरुद्ध तोमर, कमलेश राजपूत, चेन सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत, भगवत सिंह राजपूत, नैन सिंह राजपूत, शैलेंद्र सिंह राजपूत, राम सिंह राजपूत जोन-अध्यक्ष होशंगाबाद रोड सीताराम राजपूत, गुलमोहर विजय सिंह सोलंकी, कोलार अरुण चंदेल, नेहरू नगर हरे सिंह चौहान, करोंद नरेंद्र बछानिया, अयोध्या हरिओम राजपूत, सेमरा शंकर सिंह राजपूत, अवधपुरी अजय सिंह राजपूत ने शपथ ग्रहण की। संस्था के संरक्षक सूरज सिंह तोमर मुख्य अतिथि रहे।

# जिंदगी लाइव

39वें राष्ट्रीय समारोह 'लोकरंग' में अर्जेन्टीना के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

# स्ट्रीट सालसा, सालसा कोलंबिया, मालांबो अर्जेंटीनियो की प्रस्तुतियों ने खींचा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनजातीय और लोक कलाओं के 39वें राष्ट्रीय समारोह 'लोकरंग' में रविवार की शाम 'देशान्तर' गतिविधि में अर्जेन्टीना के कलाकार दल ने स्ट्रीट सालसा, सालसा कोलंबिया, मालांबो अर्जेंटीनियो, सालसा रुमबा, मॉर्डन लेटिन सालसा नृत्य प्रस्तुति दी। इसके साथ ही अनूप लाल बसदेवा द्वारा बसदेवा गायन एवं पूर्णिमा चतुर्वेदी एवं साथी द्वारा निमाड़ी गायन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में खजुराहो से आए गणेश रजक और साथियों ने देवारी नृत्य की प्रस्तुति दी। यह बुंदेलखंड का प्रमुख नृत्य है, जिसमें लमटेरा मुख्य गायन है।



**असम का पारंपरिक लोक नृत्य हमजा**

स्वगत शर्मा द्वारा हमजा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। हमजा लोक नृत्य असम की राभा जनजाति का एक पारंपरिक लोक नृत्य है।समारोह की अगली कड़ी में अवतार सिंह एवं साथी-हिमाचल द्वारा गद्दीनाटी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### होली हुडो रास डांडिया की प्रस्तुति...

कार्यक्रम की अगली कड़ी में पं. खेमिल भोजाभाई एवं साथी, गुजरात के द्वारा होली हुडो रास डांडिया, के रमैया एवं साथी आंध्रप्रदेश द्वारा तपेट गुल्लू, बी तकप्पा एवं साथी, कर्नाटक के कलाकारों द्वारा ढोलू कूनिथा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं गोकरण दास बघेल एवं साथी, छत्तीसगढ द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी।गुरू घासीदास से जुड़े यह नृत्य गीत अध्यात्मिक संदेश के साथ मनुष्य जीवन की महत्ता भी होती है।

### सौंगी मुखौटा नृत्य की प्रस्तुति

अगले क्रम में रवींद्र लक्ष्मण भोये एवं साथी, महाराष्ट्र द्वारा सौंगी मुखौटा नृत्य की प्रस्तुति दी। नर्तक मुर्गे के पंखों की कलंगी पहने रहता है। यह नृत्य उनके देवता नृसिंह बेताल और काल भैरव के लिए प्रस्तुत किया जाता है। चौत्रमास से फाल्गुन तक इस नृत्य के आयोजन लगातार चलते रहते हैं।

**गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति**

इसके बाद गोंड जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति दी। गुदुमबाजा नृत्य गोण्ड जनजाति की उपजाति दुलिया का पारम्परिक नृत्य है।

### शहीद भवन में युवा अनुनाद के अंतर्गत नाटक का मंचन

# गरीब परिवार के एक दिन का गुजरता जीवन दिखा 'दलदल के बाशिंदे' में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहीद भवन में रंग माध्यम संस्था की ओर से युवा अनुनाद के अंतर्गत रविवार की शाम नाटक दलदल के वाशिंदे का मंचन किया गया जिसके लेखक थे वोले सोयिंका।

नाटक में दिखाया गया नाइजीरियाई लेखक वोले सोयिंका को 1986 में साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जिससे वह यह सम्मान पाने वाले पहले अफ्रीकी बन गए। उनका पहला प्रमुख नाटक, द स्वैम्प डवेलर्स अर्थात दलदल के वशिंदे भी शामिल है, जो 1958 में लिखा गया था। यह एक लघु नाटक है जो एक गरीब परिवार के एक दिन का गुज़रता हुआ जीवन दिखाता है।



### नाटक की कहानी

"दलदल के वशिंदे" की कहानी में बहुत परिश्रम और संघर्ष करने के बाद भी युवा इग्वेजु की कोई तऱक्की और उसकी किस्मत नहीं बदलती दिखती है। यह एकांकी नाटक दलदली भूमि में पर स्थित एक साधारण झोपड़ी में घटित होता है। माकुरी और उनकी पत्नी अलु दोनों के समाज में आस्था के अनुसार, जुड़वां जन्में बच्चों का सम्मान किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि यदि एक जुड़वां मर जाता है, तो दूसरा भी जल्द ही मर सकता है। दंपत्ति का बेटा अवुचिके दस साल पहले अपना गांव छोड़कर शहर में रहने आया था, इस दौरान उसने खुद को समृद्ध बनाया, लेकिन कभी भी अपने माता-पिता से बात नहीं की। अलु तब कहती है कि आवुचिक मर चुका है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह शारीरिक रूप से मर चुका है बल्कि, उसका मतलब यह है कि आवुचिक, खुद को अपनी पारिवारिक और सांस्कृतिक जड़ों से अलग करके, आध्यात्मिक रूप से मर चुका है।

### दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में श्रद्धांजलि सभा

# हिन्दी साहित्य में आलोचना के शिखर पुरुष कहलाते थे डॉ. धनंजय वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ.धनंजय वर्मा एक समर्पित शिक्षक , विद्वान वक्ता , संवेदनशील सम्पादक और हिन्दी साहित्य में आलोचना के शिखर पुरुष थे। वे अपनी बेबाक शैली, गंभीर अध्ययन और अपने गहन चिंतन के लिए जाने जाते हैं। उनके द्वारा साहित्यिक महफ़िल और गोष्ठियों में एक जीवंत वातावरण रहता था । कहानीकार कमलेश्वर और ग़ज़लकार दुष्यंत कुमार से उनकी मित्रता और नज़दीकियाँ साहित्यिक गलियारों में सदैव याद की जाएगी। कुछ इस तरह के उद्गार व्यक्त किए



साहित्यकारों ने जो दुष्यन्य कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे । इस अवसर श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ साहित्यकार रामाराव वामनकर, करुणा राजुरकर सहित अनेक साहित्यकारों ने डॉ. धनंजय वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अंत में दो मिनट का मौन रखा ।

भवेश के गजल संग्रह सियाह-सुर्ख-नील पर वर्चुअली चर्चा में विद्वानों ने व्यक्त किए विचार

# दिलशाद की गजलों में स्वभाविक नयापन व अलहदापनः डॉ. प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मशहूर गजलकार भवेश दिलशाद के गजल संग्रह सियाह-सुर्ख-नील का हाल में विमोचन हुआ है। उनके इस गजल संग्रह पर चर्चा करने बीती शाम एक वर्चुअली गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें गजलकार भवेश दिलशाद के अलावा शिलांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. भरत प्रसाद, कोलकाता की मशहूर शायरा गज़ाला तबस्सुम और पुस्तकनामा के प्रकाशक महेश्वर दत्त शर्मा ने हिस्सा लिया। इस चर्चा में सबसे पहले शिलांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. भरत प्रसाद ने कहा कि भवेश दिलशाद की गजलें प्राकृतिक रूप से सहज और समय से जुड़ी हुई हैं। उनमें एक स्वाभाविक नयापन और अलहदापन है और अभिनव प्रयोग भी और इसके लिए भवेश दिलशाद का गजलकार प्रयास नहीं करता बल्कि यह उनके शायर का व्यक्तित्व है।

### व्यवस्था से लोहा लेना दिलशाद का मिजाजः गजाला

फैशन के अलग हट कर वह बहुत ईमानदारी से अपने समय, अपने समाज को गजलों में जिस तरह ला रहे हैं, यह दुसाहस, कबीरी ठाठ बना रहे। वहीं शायरा गज़ाला तबस्सुम ने गजल संग्रह की तारीफ करते हुए कहा कि भवेश दिलशाद की गजलों में एक बेबाकी है और व्यवस्था से लोहा लेने, खुलकर साहस के साथ अपनी बात रखना उनका मिजाज है। भवेश की गजलें फन से समझौता किए बगैर अपनी कहन और तेवर के लिए हमारे समय की ज़रूरी शायरी दिखाई देती हैं। इनकी विचार और भाव भूमि को कई विद्वानों ने कबीरी के समकक्ष रखा है। इनके साथ ही पुस्तकनामा प्रकाशन समूह के प्रमुख महेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि भवेश दिलशाद की गजलें कभी पुरानी या अप्रासंगिक होने वाली नहीं हैं। हम दशक के बाद भी देखेंगे तो पता चलेगा भवेश दिलशाद की गजलें समय की नब्ज़ को इस तरह पकड़े हैं कि ये हमेशा हमेशा रहेंगी।



## भोज विवि में विभिन्न कोर्सेस के लिए प्रवेश शुरू

**भोपाल।** राजधानी के भोज मुक्त विश्विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश के एकमात्र इस शासकीय दूरस्थ शिक्षा संस्थान को यूजीसी के दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो से 34 पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए अनुमोदन प्राप्त हो चुका है, जिनमें शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिन पाठ्यक्रमों के लिए अनुमोदन प्राप्त हुआ है उनमें सामान्य कला, वाणिज्य, विज्ञान स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के साथ-साथ प्रबंधन एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों तथा मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश के विद्यार्थी अब एक साथ दो कोर्स पूरे कर सकते हैं। एक पाठ्यक्रम किसी भी महाविद्यालय अथवा विश्वविधालय से नियमित विद्यार्थी के रूप में है, जबकि दूसरा भोज विवि से दूरस्थ माध्यम के तहत है।



## नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस कल से 4 दिन निरस्त रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनवरी के आखिरी सप्ताह व फरवरी के पहले वीक में अगर कहीं बाहर जाने का प्लान कर रहे हैं तो एक बार रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 पर जानकारी लेकर ही प्लान करें। दरअसल, जनवरी के आखिरी सप्ताह की विभिन्न तारीखों व फरवरी के फास्ट वीक तक भोपाल एवं प्रदेश के अनेक स्टेशनों से चलने व गुजरने वाली 50 से अधिक ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। इसमें भोपाल से नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल है। यह ट्रेन 30,31 जनवरी व 1 व 2 फरवरी को मथुरा स्टेशन यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते निरस्त रहेगी। रेलवे सूत्रों ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे, आगरा मंडल के मथुरा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य किया जाना है। इस दौरान भोपाल मण्डल से होकर, इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों को कैंसिल किया है।

**मथुरा यार्ड रिमॉडलिंग के कार्य के चलते भोपाल स्टेशन से गुजरने वाली 50 से अधिक ट्रेनें फरवरी तक रहेगी निरस्त**

### यह ट्रेनें रहेंगी निरस्त

*20171 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वन्दे भारत एक्सप्रेस 30, 31 जनवरी एवं 01, 02 फरवरी*
*20172 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति वन्दे भारत एक्सप्रेस 30, 31 जनवरी एवं 01, 02 फरवरी*
*11057 सीएसटी-अमृतसर एक्सप्रेस, 29 जनवरी से 03 फरवरी तक।*
*11058 अमृतसर-सीएसटी एक्सप्रेस, 29 जनवरी से 06 फरवरी तक।*
*11077 पुणे- जम्मूतवी झेलम एक्सप्रेस, 29 जनवरी से 04 फरवरी तक।*
*11078 जम्मूतवी-पुणे झेलम एक्सप्रेस, 29 जनवरी से 06 फरवरी तक।*
*12625 तिरुवनंतपुरम-नई दिल्ली केरल एक्सप्रेस 29 से 03 फरवरी।*
*12626 नई दिल्ली-तिरुवनंतपुरम केरल एक्सप्रेस 29 से 05 फरवरी।*
*12707 तिरुपति-निजामुद्दीन एक्स. 29, 31 एवं 02 फरवरी को।*
*12708 निजामुद्दीन-तिरुपति एक्स. 31 एवं 02, 04 फरवरी को।*
*12715 नांदेड-अमृतसर एक्सप्रेस 04 फरवरी तक।*
*12716 अमृतसर-नांदेड़ एक्सप्रेस 06 फरवरी तक।*
*14317 इंदौर-देहरादून एक्सप्रेस 03, 04 फरवरी को।*
*14318 देहरादून - इंदौर एक्सप्रेस 02, 03 फरवरी को।*
*14623 सिवनी -फिरोजपुर छावनी एक्सप्रेस 05 फरवरी तक।*
*18237 कोरबा-अमृतसर छग एक्सप्रेस 04 फरवरी तक।*
*18238 अमृतसर-बिलासपुर छग एक्सप्रेस 06 फरवरी तक।*
*19325 इंदौर-अमृतसर एक्सप्रेस 30 जनवरी एवं 02 फरवरी को।*
*19326 अमृतसर-इंदौर एक्सप्रेस 01, 04 फरवरी को।*
*20657 हुबली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस 2 फरवरी को।*
*20658 निजामुद्दीन-हुबली एक्सप्रेस 04 फरवरी को।*
*20807 विशखापटनम-अमृतसर 30 एवं 02, 03 फरवरी को।*
*20808 अमृतसर-विशखापटनम 31 एवं 03, 04, 07 फरवरी को।*
*22125 नागपुर-अमृतसर एक्सप्रेस 03 फरवरी को।*
*22126 अमृतसर-नागपुर एक्स.29 एवं 05 फरवरी को।*
*22181 जबलपुर -निजामुद्दीन एक्सप्रेस 29 से 4 फरवरी तक*
*22182 जिामुद्दीन -जबलपुर एक्स. 29 जनवरी से 5 फरवरी तक*
*22403 पुडुचेरी-नई दिल्ली एक्स 31 जनवरी एवं 07 फरवरी को।*
*22404 नई दिल्ली-पुडुचेरी एक्स 28 जनवरी एवं 04 फरवरी को।*
*22455 साईंनगर शिर्डी-कालका एक्स. 30एवं 03, 06 फरवरी को।*
*22456 कालका-साईंनगर शिर्डी एक्स. 25, 28 एवं 01, 04 फरवरी*
*22685 यशवंतपुर-चंडीगढ़ एक्स 31 जनवरी एवं 03 फरवरी को।*
*22686 चंडीगढ़-यशवंतपुर एक्स 30 एवं 03, 06 फरवरी को।*
*22705 तिरुपति-जम्मू तवि एक्सप्रेस 30 जनवरी को।*
*22706 जम्मू तवि-तिरुपति एक्सप्रेस 02 फरवरी को।*
*12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्स.29, 31 एवं 01, 02, 03, 05, 07 फरवरी को।*

## भोपाल के चौथे स्टेशन निशातपुरा का काम पूरा, अगले माह से 14 ट्रेनें लेंगी हॉल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधानीवासियों को जल्द ही एक और रेलवे स्टेशन की सौगात मिल जाएगी। अभी तक शहर में भोपाल, रानी कमलापति और संत हिरदाराम नगर के रूप में तीन रेलवे स्टेशन हैं, वहीं इनकी संख्या जल्द ही चार हो जाएगी।

भानपुर के पास निशातपुरा के रूप में नए रेलवे स्टेशन का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही यहां स्टेशन पर केटरिंग काउंटर खुलने शुरू हो गए हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अगले माह से यहां रेल यातायात शुरू हो जाएगा। पहले चरण में यहां 14 ट्रेनों को हॉल्ट देने की तैयारी है। भोपाल रेल मंडल ने दावा किया है कि स्टेशन को चालू करने का प्रोग्राम जल्द ही बोर्ड से मंजूर होने की उम्मीद है। भोपाल सीनियर डीसीएम कार्यालय ने निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए बाकी इंतजाम पूरे कर लिए हैं। यहां पर खान-पान की सुविधाएं देने वाले स्टॉल के टेंडर जारी किए गए हैं। भोपाल के चौथे बड़े स्टेशन के रूप में निशातपुरा पर रेल यातायात शुरू होने से नए व पुराने शहर के करीब 50 हजार से अधिक यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए बैरागढ़ नहीं जाना होगा तो वहीं भोपाल व रानीकमलापति स्टेशन पर रेल यातायात दवाब कम हो सकेगा।

**नए व पुराने भोपाल के 50 हजार यात्रियों को मिलेगा लाभ, ट्रेन पकड़ने के लिए नहीं जाना होगा बैरागढ़**



### इन ट्रेनों को निशातपुरा स्टेशन पर मिलेगा ठहराव

19321/19322 इंदौर-पटना-इंदौर (शनिवार/सोमवार) साप्ताहिक एक्स., 19313/19314 इंदौर-पटना-इंदौर (सोमवार, बुधवार/बुधवार,शुक्रवार) द्वि-साप्ताहिक एक्स.,14115/14116 डा. आंबेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन-डा. आंबेडकर नगर एक्स. (प्रतिदिन) 19421/19422 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद (रविवार/मंगलवार) साप्ताहिक एक्सप्रेस 14319/14320 इंदौर-बरेली-इंदौर (गुरुवार/बुधवार) साप्ताहिक एक्सप्रेस आदि।

### यह मिलेगा लाभ

11 मील, मिसरोद, नर्मदापुरम, कोलार, शाहपुरा, अरेरा कॉलोनी, तुलसी नगर, डिपो चौराहा, रातीबड़ के नागरिकों के लिए निशातपुरा, भोपाल स्टेशन के मुकाबले 5 किमी दूर पड़ेगा। रेलवे का दावा है कि दूरी भले बढ़ेगी, पर ट्रेनें समय पर चलती रहेंगी।

### ये सुविधाएं मिलेंगी निशातपुरा स्टेशन पर

भोपाल-बीना रेल खंड पर भोपाल मेन स्टेशन से महज दो किमी दूर स्थित इस स्टेशन 700 मीटर लंबे दो प्लेटफॉर्म, नया एफओबी, दिव्यांगों के लिए विशेष पाथ-वे के साथ स्टेशन भवन बनाया गया है। यहां पर बुकिंग कार्यालय की सुविधा भी यात्रियों को मिलेगी।

### हाईकोर्ट ने दी बसों के संचालन की फिर से अनुमति, सवारियों को मिली राहत, दूसरे बंद रूट भी जल्द होंगे शुरू

# मंडीदीप के दो रूट पर सिटी बसों का संचालन शुरू निजी ऑपरेटर बसों से 'जबरन' उतार रहे सवारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंडीद्वीप के दो रूट पर सिटी बसों के संचालन को हाइकोर्ट ने फिर अनुमति दे दी। इन बसों के चलने पर मंडीद्वीप की सवारियों को काफी राहत मिली है, लेकिन इन रूट पर चल रहीं निजी बसों के संचालकों ने सिटी बसों के चालक और परिचालकों को परेशान करने के साथ ही सवारियों को सिटी बस से उतारना शुरू कर दिया है। इसको लेकर पुलिस में शिकायत की गई है।

बीसीएलएल अधिकारियों के अनुसार 3 महीने पहले हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम की सीमा के बाहर 25 किलोमीटर के दायरे में आ रहे भोपाल से मंडीदीप और बिलकिसगंज के साथ ही सूखी सेवनियां व बिलखिरिया तक जाने वालीं बसों का संचालन बंद हो गया था। क्योंकि निगम सीमा से बाहर बसों के संचालन के लिए बीसीएलएल ने अनुमति नहीं ली थी।

**»** *निजी बसों के चालक-परिचालक फिर कर रहे सिटी बसों के चालक और परिचालकों को परेशान*

**»** *दो जगह सिटी बसों की सवारियों को भी निजी बसों के संचालकों ने डरा धमका कर उतारा*



### अभी 45 बसों के संचालन की अनुमति

मंडीदीप रूट पर अभी 45 बसों के संचालन को मंजूरी दी गई है। निजी बसों के संचालक सवारियों को सिटी बसों से जबरन नीचे उतार रहे हैं। सीसी टीवी फुटेज में चालक व परिचालक से अपशब्द कहने और जान से मारने की धमकी देने के साथ सवारियों को जबर्दस्ती उतारते दिखाई दे रहे हैं। बीसीएलएल ने मामलों को संज्ञान में लेकर पुलिस से भी शिकायत की है।

### यात्री आए दहशत में

गांधीनगर से मंडीदीप और चिरायु अस्पताल से मंडीदीप सतलापुर तक जाने के लिए दो बस ऑपरेटर की ओर से अतिरिक्त राशि परिवहन विभाग को जमा की है। बसों का संचालन करने के साथ प्राइवेट बस ऑपरेटर्स विवाद करने लगे हैं। चालक व परिचालकों को बसों में जाकर धमकी देने से यात्री दहशत में आ रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने यह दिया था आदेश

*करीब तीन महीने पहले जबलपुर हाईकोर्ट ने अमृत योजना के तहत संचालित सिटी बसों का संचालन नगर निगम सीमा के बाहर नहीं जाने का फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट ने राज्य शासन के उस आदेश को निरस्त कर दिया थाए जिसमें नगर निगम सीमा के बाहर 25 किलोमीटर के दायरे में सिटी बस संचालन की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि जिस योजना के तहत उक्त आदेश जारी किया गया था, उसका गजट नोटिफिकेशन नहीं हुआ है।*

### अब मिसरोद से हटेगा बीआरटीएस कॉरिडोर, नगर निगम ने की तैयारी

*भोपाल। राजधानी में बीआरटीएस हटाने का काम अब मिसरोद से भी हटाने की तैयारी हो गई है। मिसरोद से लेकर कमला पार्क तक कॉरिडोर नगर निगम ही हटाएगा, जबकि बैरागढ़ में यह काम पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। कॉरिडोर हटाने काम 20 जनवरी से शुरू हो गया, जहां से 600 मीटर से ज्यादा की जाली हट गई है। ट्रैफिक डायर्सन का प्लान भी तैयार हो गया है, जिसको लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। कॉरिडोर के साथ पहले बस स्टाप हटाए जा रहे हैं।*

*बैरागढ़ में पीडब्ल्यूडी द्वारा बीआरटीएस की जाली हटाने के साथ ही एलिवेटेड रोड बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी पदम शुक्ला के अनुसार जल्दी ही ट्रैफिक डायवर्सन प्लान को जारी कर दिया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार कोरीडोर हटाने का काम मिसरोद से जल्दी ही शुरू हो जाएगा।*

### बिना होमवर्क किए ट्यूशन पहुंची थी केजी-1 की बच्ची

# 'सबक' सिखाने वाली ट्यूशन टीचर ने 5 साल की मासूम को स्केल से पीटा

**हथेली, पैर में आए चोट के निशान, मां ने की पुलिस से शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र में घर में ट्यूशन पढ़ाने वाली ट्यूटर ने पांच साल की मासूम को लकड़ी के स्केल से पीट दिया। मासूम के हथेली, पैर में चोट के निशान हैं। मासूम का कसूर सिर्फ इतना था कि वह होमवर्क किए बिना ही ट्यूशन पहुंच गई थी। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने ट्यूशन पढ़ाने वाली मैडम पर मारपीट और किशोर न्याय अधिनियम धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 5 साल की बच्ची केजी-1 में पढ़ती है। उसके माता-पिता मोहल्ले में लोहे की दुकान पर काम करते हैं। प्रतिदिन की तरह बच्ची स्कूल से आने के बाद शनिवार दोपहर 3 बजे कनिका मैडम के घर ट्यूशन गई थी। करीब एक घंटे बाद वह घर लौटी। घर लौटने के बाद उसने मां को देखा और लिपटकर रोने लगी। मां ने उससे पूछताछ की तो उसने अपने हाथ और मैडम के द्वारा स्केल से मारपीट की चोट दिखाई।

मां बच्ची को लेकर मैडम के पास पहुंची तो उसने बताया कि बच्ची होमवर्क नहीं करती है। ऐसे में उसे डराने के लिए सबक सिखाया है। मां बच्ची को लेकर डाक्टर के पास पहुंची और उसका इलाज कराया। बाद में पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

**ट्यूशन टीचर पर मारपीट और किशोर न्याय अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज**

## बोट क्लब पर जुटे सैलानी



भोपाल। राजधानी में रविवार को बोट क्लब समेत सभी पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ रही। बोट क्लब पर तो सैलानियों ने जमकर बोटिंग का लुत्फ उठाया। दरअसल, इन सैलानियों को तफरी का मौका इसलिए भी मिल गया क्योंकि करीब एक सप्ताह के बाद सर्दी ने अपने तेवर कुछ नर्म किए हैं, वहीं अवकाश का दिन होने के कारण सभी फुर्सत के मूड में थे। इनसेट : बड़ी झील को निहारते सैलानी।

### आम दिनों में भी दो बजे के बाद आने वाले मरीजों को कर दिया जाता है चलता

# जयप्रकाश अस्पताल: रविवार को नहीं लगता एंटी रैबीज इंजेक्शन... आखिरकार 40 से 50 मरीज 'बैरंग' लौटे

**डॉग बाइट के रोजाना पहुंच रहे 80 से 100 मरीज अस्पताल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। शहर में कुछ इलाके तो ऐसे हैं जहां पर हर रोज कोई न कोई इनका शिकार बनता रहता है। रोजाना 80-100 मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। परंतु एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए रविवार या छुट्टी के दिनों में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वहीं सप्ताह में रविवार को जब ओपीडी बंद होती है तो भी लोग परेशान होते हैं। रही बात हर रोज की तो दो बजे के बाद यदि कोई डॉग बाइट का मामला सामने आता है तो उसे इमरजेंसी में केवल टेटनस का इंजेक्शन ही लगाकर काम चला दिया जाता है। यदि कोई एंटी रैबीज लगाने का कहे तो उसे बाहरी मेडिकल स्टोर का रास्ता दिखा दिया जाता है। यदि फिर भी कोई रैबीज इंजेक्शन लगाने की बात करता है तो उसे बाहर से ही लाना पड़ता है जो अस्पताल के मुकाबले काफी महंगा है।



### खरीदना पड़ता है इंजेक्शन

बता दें कि एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने के लिए अलग से विंग तैनात किया गया है। लेकिन जब सरकारी छुट्टी आती है तो यह विंग बंद रहती है। यानी यदि तीन छुट्टियां हों तो तीन दिन विंग बंद रहेगी और जिसके चलते लोगों को महंगे दामों पर बाजार से इंजेक्शन लेने पड़ते हैं।

**दोपहर दो बजे के बाद नहीं लगता इंजेक्शन**

जेपी अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने का प्रबंध तो है लेकिन वह केवल ओपीडी के दौरान जो केवल दोपहर दो बजे तक है। दो बजे के बाद यदि कोई नया मरीज आता है तो उसे बाहर से ही इंजेक्शन लाना पड़ता है। अस्पताल में दो बजे के बाद केवल ऐसे मरीजों के लिए टिटेनस का इंजेक्शन ही उपलब्ध होता है।

**संदीप रजक**, कोलार निवासी

**अवकाश के दिन लगता है इमरजेंसी में टीका**

शहर में डॉग बाइट की बढ़ती घटना को देखते हुए इंजेक्शन लगाने के लिए अलग से विंग बनाई गई है। एक वॉइल में से पांच लोगों को इंजेक्शन लगता है। रविवार या छुट्टी के दिन इमरजेंसी वार्ड में वैक्सीन लगाई जाती है।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, अधीक्षक, जेपी अस्पताल

### बिजली कंपनी ने लिया था शटडाउन

# आज से आधे शहर में नर्मदा जल कम दबाव से आएगा

◆ शाहगंज में बिजली सुधरने के बाद रविवार रात से पानी की टंकी भरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संधारण कार्य के लिए रविवार को शाहगंज में शटडाउन लिए जाने से बाधित हुई नर्मदा जल सप्लाई, सोमवार को सामान्य हो जाएगी, लेकिन सुबह की सप्लाई कम दवाब से होगी। निगम के जलकार्य प्रभारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद विद्युत व्यवस्था सुधरने से नर्मदा जल सप्लाई शुरू हो गई थी। इससे ओवरहेड टैंक में पानी भरना शुरू कर दिया। जलकार्य विभाग के ईई के अनुसार सोमवार को कम दवाब से जिन क्षेत्रों में पानी सप्लाई होगा, उनमें जिंसी चौराहा, आम वाली मस्जिद, बरखेड़ी, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म 1 की तरफ अशोका गार्डन, चांदबड़, खुशीपुरा, राजेंद्रनगर, बोगदा पुल, ऐशबाग, , बाग फरहत अफज़ा, सुभाष कालोनी, अन्ना नगर, सुभाष नगर, आजाद नगर, विकास नगर, आईएसबीटी, होशंगाबाद रोड की कालोनियां, बाग़ सेवनिया, अमराई, बाग़ मुगालिया, शक्ति नगर, अलकापुरी, बरखेड़ा, अमरावद खुर्द, ट्रांसपोर्ट नगर, रायसेन रोड, दामखेड़ा, गोविन्दपुरा, अयोध्या नगरर, मिनाल रेंसीडेंसी, कटारा हिल्स, बर्रई, दीपड़ी, समरधा शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### यूथ हॉस्टल ने भोजपुर आशापुरी की ट्रैकिंग की

**मंडीदीप**। नगर में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को यूथ हॉस्टल भोजपुर इकाई मंडीदीप ने विंध्याचल एकेडमी के छात्र छात्राओं के साथ अपनी पुरातत्व धरोहर को जानो के तहत भोजपुर शिव मंदिर एवं आशापुरी के भूतनाथ मंदिर के साथ आशापुरी संग्रहालय की ट्रैकिंग की। सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कार्यक्रम के संयोजन में विंध्याचल एकेडमी स्कूल की प्रिंसिपल ए सिसील्या का विशेष योगदान रहा।

### चाणक्य स्कूल में पार्षद ने किया झंडावंदन



**औबेदुल्लागंज**। गणतंत्र दिवस पर चाणक्य हायर सेकंडरी स्कूल में पार्षद प्रमोद सेन ने झंडावंदन किया। स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

### सलाहकार समिति में सोनल सदस्य बने

**मंडीदीप**। नगर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनल दीक्षित को नेहरु युवा केंद्र संगठन की जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। सोनल की नियुक्ति पर नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन भार्गव, सेवा समिति अध्यक्ष जीवन सिंह पाल आदि ने बधाई दी।



### भाजपाइयों ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**मंडीदीप**। नगर में भाजपा मंडल ने रविवार को बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान वार्ड 5 में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल तथा वार्ड 4 में मंडल महामंत्री उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने बताया कि मंडीदीप मंडल के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

### भाजपा में बढ़ी कांग्रेस के कुछ नेताओं की रुचि

**औबेदुल्लागंज**। कांग्रेस के कुछ असरदार सरदारों का झुकाव भाजपा की योजनाओं पर ज्यादा है। श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दिन कांग्रेस के सरदार राममय हो गए। लोगों ने कांग्रेस के सरदारों से कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी और भाजपा के कार्य आपको अच्छे लग रहे हैं क्या? भाजपा में जा रहे हो? तो सरदार नेताओं ने कहा कि देखते जाओ होता है क्या?

### पुलिस को देख खिड़की से कूदा दुष्कर्म का आरोपी, पहुंचा अस्पताल

**भोपाल**। तलैया इलाके में रहने वाला दुष्कर्म का एक आरोपी पुलिस को देख भागने के लिए मकान की खिड़की से कूद गया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। हाथ-पैर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक युवक के खिलाफ रविवार को दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस की एक टीम तलैया स्थित आरोपी के घर पहुंची। पुलिस को देख आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने मकान की पीछे वाली खिड़की से कूद गया। करीब पंद्रह फीट की ऊंचाई से कूदने के कारण उसके हाथ पैरों में गंभीर चोट आई, जिसके कारण वह भाग नहीं पाया और पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। चोट लगने के कारण उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भोपाल उत्सव मेला समिति एवं रोटरी क्लब ने लगाया कृत्रिम अंग मापन शिविर, 225 से अधिक की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल उत्सव मेला समिति एवं रोटरी क्लब भोपाल हिल्स ने रविवार को कृत्रिम अंग मापन शिविर लगाया। शिविर में निःशुल्क अंगविहिन (कटे हुए हाथ-पैर) दिव्यांगों के निण कृत्रित अंग का नाप लिया गया। जिसमें रोटरी क्लब सागर फीनिक्स और नारायण सेवा संस्थान का विशेष योगदान रहा।

रोटे. डॉक्टर ऋतु ग्रोवर के नेतृत्व में 225 से अधिक व्यक्तियों का प्रोस्थेटिक लिम्ब के लिए मापन किया गया, जिसने उन्हें एक नई शुरुआत की आशा दिलाई। रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के अध्यक्ष रोटे. कुणाल सिंघल ने समूचे प्रयासों पर गर्व किया। आयोजन अध्यक्ष रोटे. मयंक जैन और समन्वयक रोटे. हर्ष मित्तल थे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी, सामाजिक कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक आरके सिंह, भोपाल उत्सव मेला समिति के पदाधिकारी उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, अजय सोगानी, कमल जैन श्वेता, वीरेंद्र जैन (श्रीजी) आदि उपस्थित रहे।



प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद वीडी के प्रयासों से मिली सफलता

# तेलंगाना से मुक्त हुए पन्ना के 14 मजदूर

**अजजा वर्ग के 45 मजदूरों को कर्नाटक और तेलंगाना में बंधक बनाकर करा रहे थे मजदूरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रयासों से पन्ना जिले के एक दर्जन से अधिक परिवारों में खुशियां लौट आई हैं। पन्ना जिले के अलग-अलग क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 45 मजदूरों को कर्नाटक और तेलंगाना में बंधक बनाकर मजदूरी कराई जा रही थी।

मजदूरों को जबलपुर में अच्छी मजदूरी दिलाने के नाम पर पन्ना से बहला-फुसलाकर ले गए। मजदूरों को जबलपुर न ले जाकर 27 मजदूरों को कर्नाटक और 18 को तेलंगाना ले गए। कई महीनों से उक्त मजदूरों को बंधक बनाकर वहां मजदूरी कराई जा रही थी।

**खास बातें**

- पन्ना जिले के एक दर्जन से अधिक परिवारों में लौट आई खुशियां
- मजदूरों को जबलपुर में अच्छी मजदूरी दिलाने के नाम पर लेकर गए थे आरोपी

### गृह मंत्री शाह व तेलंगाना सीएम रेड्डी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को लिखा था पत्र



पिछले दिनों स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के माध्यम से जैसे ही यह जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद शर्मा को मिली तो उन्होंने मजदूरों को मुक्त कराने के प्रयास शुरू कर दिए। शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर घटना की पूरी जानकारी देकर अनुसूचित जनजाति के भाईयों के मुक्त कराने का आग्रह किया।

### मजदूर हुए मप्र रवाना

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा के प्रयासों से केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने घटना की पूरी जानकारी लेकर बंधकों को मुक्त कराने के निर्देश दिए। शाह के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष शर्मा के प्रयासों से तेलंगाना से 14 मजदूरों को मुक्त कराया गया है। तेलंगाना के करीम नगर प्रशासन ने प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा से संपर्क कर 14 मजदूरों को बंधकों के कब्जे से मुक्त होने की जानकारी दी है। शर्मा ने कहा कि मजदूरों को लेकर करीम नगर पुलिस वहां से रवाना हो चुकी है। इस सफलता के लिए शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह का आभार जताया है।

## आरोपी ब्रांच मैनेजर ने रकम लेकर कंपनी में नहीं की जमा

# चिकन व्यापारी से कंपनी के ब्रांच मैनेजर ने की 9 लाख की ठगी

- पीड़ित ने 2021 से 2023 तक किया चिकन का पूरा पैमेंट
- कंपनी ने निकाली 9 लाख पांच हजार की वसूली
- धोखाधड़ी मालूम होने के बाद पीड़ित ने कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी पुलिस ने चिकन सप्लाई करने वाली कंपनी के ब्रांच मैनेजर पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। देशभर में चिकन सप्लाई करने वाली राजनांदगांव की कंपनी के ब्रांच मैनेजर पर आरोप है कि उसने चिकन व्यापारी से 9 लाख रुपए लिए और कंपनी के खाते में जमा नहीं किए।

पुलिस के अनुसार, बाफना कॉलोनी निवासी रईस खान (40) की काजी कैंप इलाके में बाम्बे चिकन शॉप नाम से दुकान है। वह कंपनी एबिस प्राइवेट लिमिटेड से चिकन मंगवाते थे। कंपनी का ब्रांच ऑफिस जेके रोड इन्द्रपुरी में है। इसके ब्रांच मैनेजर अजीत सिंह है। एक सितंबर 2021 से 31 मार्च 2023 के बीच रईस खान ने कंपनी से चिकन मंगाया था। उसका पूरा पैमेंट भी उन्होंने समय पर कर दिया। पिछले दिनों कंपनी की ओर से 9 लाख पांच हजार 159 रुपए की उधारी निकलने पर रईस खान ने कंपनी के हेड ऑफिस में संपर्क किया। वहां से पता चला कि उक्त रकम कंपनी के भोपाल ब्रांच के ब्रांच मैनेजर अजीत सिंह ने हड़प ली है। आरोपी अजीत सिंह ने कंपनी की ओर से फर्जी दस्तावेज तैयार कर रईस खान से कहा था कि चिकन सप्लाई की रकम में से प्रति किलो 50 पैसे उसे नगद देना होगा। शेष रकम वह कंपनी को ऑनलाइन भेज सकता है। दस्तावेज की लिखा-पढ़ी के आधार पर रईस खान ने प्रति किलो 50 पैसे के हिसाब से नगद राशि अजीत सिंह को देना शुरू कर दी। सितंबर 2021 से मार्च 2023 के अंतराल में यह राशि 9 लाख पांच हजार 159 रुपए हो गई थी। आरोपी अजीत सिंह ने यह राशि कंपनी में जमा न कर अपने पास रख ली थी।

## महिला से मंगलसूत्र लूटने वाले दो कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

**लूट में इस्तेमाल स्कूटर और मंगलसूत्र बरामद**

क्राइम ब्रांच ने मंगलवारा क्षेत्र में महिला के गले से मंगलसूत्र झपटने वाले कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर उससे लूटा गया मंगलसूत्र और वारदात में इस्तेमाल स्कूटर बरामद की है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ पहले से 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुष्पा मीणा पति रामनारायण मीणा (53) हर्ष किराना स्टोर के पास बैरागढ़कला थाना खजूरी सड़क की रहने वाली हैं। बीती 24 जनवरी को वह रात करीब पौने दस बजे पड़ोसन रुकमणि के साथ जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर जाने के लिए बाहर निकली थी। मोड़ो की बगिया गेट के पास इतवारा चौराहे की तरफ से स्कूटर पर दो लड़के उनके पास पहुंचे। स्कूटर पर पीछे बैठे युवक ने पुष्पा के गले से मंगलसूत्र छीन लिया और भाग निकले। पुलिस ने मुखबिर तंत्र की मदद से जुबेर खान (22) निवासी एक्सट्राल कॉलेज के पास बरखेड़ी जहांगीराबाद और अजीम मेवाती (22) निवासी मोरारजी नगर थाना ऐशबाग को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है।



## धोखाधड़ी सहित 55 से ज्यादा प्रकरणों में 4 चार साल से फरार बिल्डर जयपुर से गिरफ्तार

**चाय कैफे का संचालन कर फरारी काट रहा था जालसाज**



राजधानी की क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी सहित 55 से ज्यादा प्रकरणों में फरार बिल्डर को जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी गत चार वर्ष से फरार था। आरोपी चाय कैफे का संचालन कर फरारी काट रहा था। राजधानी में उस पर करोड़ों रुपए की जमीन बेचने का आरोप है। एसीपी मुख्तयार कुरैशी ने बताया कि चंदन सिंह वर्मा ने बिल्डर सुनील टिबड़ेवाल के खिलाफ नवंबर 2019 में शिकायत दर्ज कराई थी। चंदन ने पुलिस को बताया कि सुनील टिबड़ेवाल ने प्लॉट के बदले उससे 6 लाख 80 हजार लिए थे, लेकिन प्लाट की रजिस्ट्री नहीं कराई। उसका पार्टनर विवेक शर्मा धमकी देता था।

### तीन महीने बाद मिली लोकेशन

फरार बिल्डर की तलाश में एक टीम लगाई गई थी। 3 महीने बाद उसकी सही लोकेशन मिली। उसके बाद पुलिस ने बिल्डर सुनील टिबड़ेवाल (55) को मानसरोवर कॉलोनी, जयपुर से पकड़ लिया। आरोपी जयपुर में चाय-वाय कैफे और स्मैक कैफे का संचालन करते हुए फरारी काट रहा था। इसके पहले वह जीरकपुर, चंढीगढ़, पंजाब, दिल्ली, खाटू श्याम, सालासर मंदिर, झुंझनू, नीमराणा में फरारी काट चुका था।

## नेशनल हाइवे पर थाने के पास सड़क हादसे में गई जान

# मिनी ट्रक ने युवक को कुचला, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नेशनल हाइवे पर थाने के पास बढ़ते अतिक्रमण के चलते एक अज्ञात युवक को सड़क हादसे में अपनी जान गंवानी पड़ी। वहीं महिला सहित एक युवक घायल है।

पुलिस के अनुसार, होशंगाबाद रोड से आ रहे मिनी ट्रक ने थाने के पास में बूट पॉलिश की दुकान पर बाइक के साथ खड़े युवक को चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। उसकी साथ महिला बबीता तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को सामुदायिक अस्पताल भेजा गया। जहां से गंभीर रूप से घायल बबीता को भोपाल रेफर कर दिया गया है।





### आरोपी ड्राइवर व क्लीनर गिरफ्तार

थाना प्रभारी सुरेश मीणा ने बताया कि आरोपी ट्रक ड्राइवर तथा क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया गया है और गाड़ी को भी जब्त कर मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक उम्र 40 वर्ष की लगभग बताई जा रही है। अभी तक मृतक की शिनाख्त नही हो सकी हैं। वहीं उसके साथ हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

*भोपाल। परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव मुगालिया हाट में शनिवार शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। रविवार को पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार, जगदीश पिता मनफूल (27) पान विहार कॉलोनी सीहोर में रहता था। वह मजदूरी करता था और प्रतिदिन भोपाल काम पर आता था। शनिवार शाम जगदीश भोपाल से काम कर गांव लौट रहा था। गांव निपानिया जाट के पास पहुंचते ही उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने एंबुलेंस से उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टर ने चेक करने पर जगदीश को मृत घोषित कर दिया।*

## उज्जैन डबल मर्डर केसः हत्यारों पर 20 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन के ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश में दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने आरोपियों पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। लूटपाट के इरादे से घुसे बदमाश घर में रखी तिजोरी को खोल नहीं पाए।

बताया जाता है कि तिजोरी में 18 लाख रुपए नकद व सोने के जेवरात रखे हुए थे। मृतक के पुत्र ने पुलिस को बताया कि फिलहाल उसे जानकारी नहीं है कि घर से क्या गायब हुआ है। घर से गायब सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर काफी दूर खेत में मिली है। पुलिस हत्याकांड के दौरान गांव में चल रहे मोबाइलों की जानकारी के लिए पब्लिक स्विच्ड टेलीफोन नेटवर्क (पीएसटीएन) डाटा ले रही है। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। एसपी सचिन शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी गठित की है। एसआईटी में तीन अलग-अलग टीम काम करेगी। पहली टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। गांव के प्रवेश और निर्गम द्वार पर लगे फुटेज भी कलेक्ट करेगी। दूसरी टीम मोबाइल लोकेशन पर लगी है। तीसरी टीम संदिग्धों सहित परिवार वालो से बात कर मामले की तह तक जाएगी।



स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा की स्मृति में हुआ आयोजन

## औबेदुल्लागंज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**औबेदुल्लागंज**। स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा की स्मृति में आयोजित औबेदुल्लागंज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा मुख्य आतिथ्य में हुआ। पटवा ने मैच के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, पार्षद दीपू परमार, कॉग्रेस नेता सुरजीत सिंह बिल्ले, पार्षद नरेश सेठी, पार्षद सुजीत यादव, पंकज जैन, मंडल अध्यक्ष शांतनु पांडेय, कमेटी के सपन श्रीवास्तव, मनीष साहू, अतुल सेन, सुमित साहू आदि उपस्थित रहे।

विधायक पटवा ने रिबन काटकर किया टूर्नामेंट का शुभारंभ



## एम्स के कर्मचारी से रात में मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

■ पुलिस ने दर्ज किया चोरी का केस

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित द्वारिका परिसर के सामने बाइक सवार लुटेरों ने एम्स के कर्मचारी का मोबाइल लूट लिया। लूटे गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अरविंद विहार बागसेवनिया निवासी 30 साल के कपिल कुमार दर्जी एम्स में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 10 जनवरी की शाम वह घर से दूध लेने निकले थे। द्वारिका परिसर के सामने पहुंचते ही उन्होंने अपनी बेटी को वीडियो कॉल किया और बातचीत करने लगे। इसी बीच पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। और लुटेरे तेजी से बाइक चलाते हुए भाग गए। घटना के बाद वे अपने गांव उदयपुर राजस्थान चले गए थे। वहां से शनिवार को लौटे और पुलिस को घटना की शिकायत की। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं। बता दें कि ऐसी दो घटनाएं इसी महीने साकेत नगर और विद्या विहार में हो चुकी हैं।

## दस साल से सुबह 5 बजे राम यात्रा निकाल रहा भोजपुर नारी संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के भोजपुर नारी संगठन से जुड़ी 20 से 30 महिलाएं संगठन की अध्यक्ष आरती यादव के नेतृत्व में राम नाम की धुन में प्रभात फेरी हर दिन सुबह निकाल रही है। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दिन नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल एवं महिलाओं के मार्गदर्शन में यह कार्य किया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा भी महिलाओं के इस कार्य की सराहना कर चुके हैं। महिलाओं का कहना है कि अर्जुन नगर में नशा करने वाले लोगों को यात्रा से जोड़कर नशामुक्ति का कार्य 10 वर्ष से निरंतर चल रहा है।



**नशामुक्ति व समरसता के लिए भागवत कथा का होगा आयोजन**

*संगठन की महिला सदस्यों के अनुसार, अर्जुन नगर में आगामी दिनों में भागवत कथा का आयोजन कराया जाएगा। इस कथा से समाज में समरसता एवं सद्भावना लाने के प्रयास में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।*

## अवैध कब्जों से ओवरब्रिज और बस स्टैंड बदहाल, शराब दुकान से महिलाएं और युवतियां त्रस्त

# औबेदुल्लागंज की सुंदरता, स्वच्छता और विकास में अड़ंगा बना रसूखदारों का अतिक्रमण

ऋषभ जैन ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज के नेता और नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद जागो। औबेदुल्लागंज के लिए कुछ करो। औबेदुल्लागंज की माटी और सड़क पुकार रही है कि नेताओं नगर को सुंदर, स्वच्छ और विकासशील बनाओ।

स्वर्गीय सुषमा स्वराज द्वारा बने ओवर ब्रिज के नीचे लगी दुकानों से ओवरब्रिज दयनीय और जर्जर हो गया है। गड्ढे हो गए हैं। सड़क के गड्ढे का लोहा ऊपर आ गया है। औबेदुल्लागंज को जिला बनाने की मांग 1979 की जा रही है, लेकिन नेताओं के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है।

### नगरवासियों ने की औबेदुल्लागंज को जिला बनाने की मांग




सब नेता मिलकर राजनीति से ऊपर उठकर औबेदुल्लागंज को जिला बनाओ के लिए जुट जाओ। औबेदुल्लागंज जिला बन गया तो नगर पंचायत के नेता जिले के नेता कहलाएंगे। नगर टू विकास करेगा ही, जिला बनने से नेताओं का भी प्रमोशन हो जाएगा। दूसरी मांग है कि औबेदुल्लागंज का नाम राजा भोज नगर किया जाए तो सारे नेता मजबूत बन जाएंगे, क्योंकि पर्यटक स्थल भीमबैटका और भोजपुर, सलकनपुर आदि राजा भोज के समय के प्रकाश में आए, इसलिए औबेदुल्लागंज का नाम राजाभोज नगर रखने से सब नेताओं की प्रसिद्ध बढ़ेगी। तीसरी ज्वलंत समस्या है कि औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर्यटक स्टेशन बने। इससे रेलवे स्टेशन सुंदर बनेगा और ट्रेन भी ज्यादा रुकेंगी। इससे रोजगार बढ़ेगा। औबेदुल्लागंज को स्वच्छ सुंदर बनाने में सबसे बड़ा अड़ंगा है अतिक्रमण। 2% लोगों का अतिक्रमण है। 98% लोग परेशान है। अतिक्रमण से सुंदरता स्वच्छता पर ग्रहण लगा है। नेता खुद को सुंदर लगने के लिए स्वच्छ रहते हैं, ऐसे ही नगर को सुंदर बनाए जाए। बस स्टैंड अतिक्रमण में डूबा है इसीलिए बसें ओवरब्रिज के नीचे, गौहरगंज रोड, बरखेड़ा रोड पर खड़ी होती है। इससे जाम लगता है और बस में बैठे यात्री परेशान होकर कहते हैं कि यहां के नेता बस स्टैंड भी ठीक नहीं करा पा रहे हैं। बस स्टैंड पर बसें खड़ी होगी तो यात्री स्वल्प आहार करेंगे पानी पिएंगे तो नेताओं को दुआ देंगे।



### मांस, मछली की दुकानें अलग एक ही जगह पर बनाए जाने की मांग

*मांस, मछली का बाजार, दुकानें अलग एक जगह बनाई जाए। फिलहाल गौहरगंज रोड, रेहटी रोड और साप्ताहिक बाजार में मछली बाजार है। इससे कई लोगों परेशान है, वही गंदगी भी फैल रही है। औबेदुल्लागंज में मैजिक, टेंपो स्टैंड बस स्टैंड के अंदर बने तो नगर में इधर-उधर हर कहीं मैजिक टेंपो खड़े नहीं होंगे। शराब की दुकान भी नगर से बाहर हो। यह अभी रेलवे लाइन के पास है। यहा शराबी गाली-गलौज करते हैं। शराब दुकान से महिलाएं-युवतियां व लोग परेशान है।*

### लोगों ने स्थानीय नेताओं से की अपील



नगर के जागरूक नागरिक जितेंद्र दुबे, राकेश बाथम, डॉ. नंदू नागर, पुरुषोत्तम शर्मा, अनुराग जैन, अमर पेठारी, मनोज चौरसिया, राकेश तिवारी, पवित्र कौर, मनोज खटीक, प्रमोद सराठे, गगनदीप, राजेंद्र गुड्डू साहू, बसंत साहू, नितिन सेन, शहंशाह भाई, रईस भाई, बंटी तिवारी, पीडी शर्मा, सुशील नायडू, माखन सेन, अनिल प्रजापति, दीपेश नागर, राहुल माहेश्वरी, सोहेल मियां, देवेंद्र डैनी, दीपक श्रीवास्तव, गुड्डू यादव, राधेश्याम यादव आदि का कहना है कि औबेदुल्लागंज के नेताओं जागो, अपनी माटी नगर के लिए कुछ करोगे तो तुम भी खुश होंगे और नगर के लोग भी तुम्हारी प्रशंसा करेंगे।


## खबर संक्षेप

### नशे में अभद्रता करने वाले सचिव को हटाया

**भोपाल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत नौढ़िया के सचिव सत्यभान सिंह को आमजन से शराब पीकर अभद्रता करने पर निलंबित कर दिया। ग्राम पंचायत का वित्तीय एवं सचिव प्रभार दिलीप पाण्डेय, सचिव ग्राम पंचायत नौढिया को सौंपा है। जारी आदेश में कहा गया कि निलंबन अवधि में सत्यभान सिंह का मुख्यालय जनपद पंचायत ब्यौहारी नियत किया जाता है एवं नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जारी आदेश में कहा है कि 26 जनवरी को ग्राम पंचायत नौढ़िया, जनपद पंचायत ब्यौहारी में सचिव द्वारा आमजन से शराब पीकर अभ्रदता की गई। शिकायत में प्रारंभिक जांच में उक्त शिकायत की पुष्टि हुई कि सचिव सत्यभान सिंह, ग्राम पंचायत नौढिया द्वारा ग्रामवासियों से अभद्रता की गयी है।

### डॉ. गर्ग 'सुपरसोल' के लिए हुए सम्मानित

**भोपाल।** भोपाल के विश्वविख्यात सर्जन डॉ. भुवनेश्वर गर्ग को कैंसर



उपचार के लिए खोजी गई उनकी उपचार प्रक्रिया सुपरसोल के लिए फोर्टिस समूह ने बैंगलुरू में आयोजित विश्व कैंसर समिट में रविवार को सम्मानित किया।

### लाभकारी योजनाओं का सेतु बनेगा कॉल सेंटर

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी का कॉल सेन्टर जनता के लिए लाभकारी योजनाओं का सेतु बनेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शर्म रविवार को कटनी प्रवास पर थे। उन्होंने भाजपा के कॉल सेंटर का शुभारंभ किया।

---

भोपाल आई तिब्बत की सांसद तेनजिन चोएजिन ने कहा-

# भारत अपना घर लगता है, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं

**भारत में मेरा जन्म हुआ है, इसलिए इस देश से खास जुड़ाव: सांसद तेनजिन चोएजिन**

संजीव सक्सेना ▶▶ भोपाल

भारत के पड़ोसी और मैत्री संबंध वाले देश तिब्बत की सांसद तेनजिन चोएजिन और वेन गेशे नगापा गांगरी रविवार को भोपाल आए। इस दौरान अल्प प्रवास पर आई सांसद तेनजिन चोएजिन से कुछ अहम बिंदुओं पर हरिभूमि ने विशेष चर्चा की। चर्चा के दौरान सांसद तेनजिन चोएजिन ने बताया कि भारत उन्हें अपना घर लगता है। उनका जन्म भारत में ही हुआ है। वे मध्य प्रदेश आकर बेहद खुश हैं और आगे भी आना चाहेंगी।

हरिभूमि चर्चा

भारत के तिब्बत के साथ संबंधों को लेकर उन्होंने बहुत कुछ बताया, जिसे अब उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर भी शेयर कर दिया है। सांसद तेनजिन चोएजिन ने कहा है कि अभी वे मध्य प्रदेश किसी अन्य प्रयोजन के लिए आई हुईं हैं, इसलिए तिब्बत के राजनैतिक और अन्य मुद्दों पर बहुत कुछ नहीं बता सकती हैं। इसके लिए उन्हें तिब्बत सरकार से दिशा निर्देश दिए गए हैं।



सांसद तेनजिन चोएजिन



सांसद तवेन गेशे नगापा गांगरी

### भारत के विश्वगुरु बनने पर सांसद ने जताई खुशी

तिब्बत सांसद तेनजिन चोएजिन से जब भारत के विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर एक सवाल पूछा गया तो उनका कहना था कि वे खुश हैं, लेकिन तिब्बत सरकार की ओर से अभी इस संबंध में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती हैं। इसका कारण तिब्बत सरकार की ओर से उन्हें दिए गए दिशा निर्देश हैं। चूंकि, मेरा जन्म भी भारत में ही हुआ है, इसलिए इस देश से मेरा खास जुड़ाव है। यह खुशी की बात है। मैं यहां आकर बहुत खुश होती हूं।

### दो सांसद आए हैं भोपाल

*बता दें कि तिब्बत सरकार के दो सांसद वेन. गेशे नगापा गांगरी और तेनजिन चोएजिन मप्र आई हुई हैं। वे यहां भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही हैं। गिरिराज किशोर पोद्दार, पूर्व विधायक कटनी तथा समन्वयक भारत- तिब्बत सहयोग मंच, मध्य क्षेत्र ने बताया कि वे भोपाल, इंदौर सहित कुछ शहरों में पहुंचेंगी, जहां वे विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।*

---

आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई विस्तृत समीक्षा

# विक्रम व्यापार मेला, इंवेस्टर्स समिट विक्रमोत्सव एक मार्च से उज्जैन में

*आयोजन में उज्जैन एवं मालवा की सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जाएगी*

*महाकाल दर्शन एवं होटलों में रियायती दर पर स्टे उपलब्ध कराया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन जिले में एक मार्च से विक्रम व्यापार मेला, इंवेस्टर्स समिट एवं विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इंवेस्टर्स समिट में आमंत्रित उद्योगपतियों और उनकी उदयोग इकाइयों की जानकारी अपडेट की जा रही है। इंवेस्टर्स का फोकस विशेषतौर पर उज्जैन होगा। आयोजन का एक पार्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा।



उज्जैन एवं मालवा की सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जाएगी। उज्जैन में इन आयोजनों की तैयारियों की रविवार को विस्तृत समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव एमएसएमई पी.नरहरि ने समीक्षा तैयारियों की जानकारी ली। विक्रमोत्सव, व्यापार मेला एवं इंवेस्टर्स समिट में प्रस्तावित गतिविधियों की सूची बनाई जा रही है। मालवा का फूड एवं अन्य विशेषताएं प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। सभी सम्बन्धित विभागों को तेज गति से कार्य करने के निर्देश दिए। बजट एवं अन्य सुविधाएं संचालनालय नगरीय प्रशासन की ओर से मुहैया कराई जाएंगी।

### इस बार इंवेस्टर्स समिट इंदौर के बजाय उज्जैन में होगी

एमपीआईडीसी के एमडी नवनीत कोठारी ने इंवेस्टर्स समिट के लिए चयनित स्थान बैठक की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एक सेक्टर उज्जैन पर केंद्रित होगा, जहां इलेक्ट्रॉनिक एवं ऑटोमोबाइल का प्रमोशन किया जाएगा। अन्य सेक्टर में व्यावसायिक दुकानें, फूड जोन होगा। वाणिज्यिक कर विभाग को इलेक्ट्रॉनिक एवं घरेलु उपकरणों के विक्रय पर एसजीएसटी में छूट सम्बन्धी प्रावधान का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन विभाग से समन्वय कर महाकाल दर्शन एवं होटलों में रियायती दर पर स्टे उपलब्ध कराया जाएगा। मेले में विक्रय होने वाले गैर-परिवहन वाहनों तथा छोटे परिवहन पर पंजीयन शुल्क एवं रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव मंत्री परिषद के समक्ष रखा जाएगा। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आयोजन स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराएगा। पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग आदि अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत मृणाल मीना, आयुक्त नगर निगम आशीष पाठक सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

---

केंद्रीय राज्यमंत्री अठावले ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

# पीएम मोदी के विकास का रथ कोई नहीं रोक सकता

**प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों के आगे कांग्रेस जीरो, इंडी गठबंधन को छोड़ रहे दल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि आज राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं, उन्हें मेरी सलाह है कि वे कांग्रेस पार्टी जोड़ो यात्रा निकालें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों के आगे आज कांग्रेस पार्टी जीरो बन गई है। इंडी गठबंधन से एक-एक पार्टी साथ छोड़ रही हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री अठावले ने रविवार को भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पांच सौ साल पहले मुगलों ने मंदिर को ढहाकर विवादित मस्जिद का निर्माण कराया था। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि यहां विवादित ढाचे का निर्माण हुआ है। मंदिर हिन्दू धर्म की आस्था का केन्द्र था और यहां भव्य राम मंदिर बनना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा राम मंदिर निर्माण में बाधा डालने का काम किया। यहां तक कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्यौता ही ठुकरा दिया, यह इनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। केन्द्रीय राज्यमंत्री आठवले ने मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट कर चर्चा की।

### कांग्रेस ने जनता को ठगने का काम किया

*केन्द्रीय मंत्री अठावले ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से पूरे देश में विकास को गति देकर आगे बढ़ाया है और भ्रष्टाचार को समूल नष्ट किया है, उससे प्रधानमंत्री का देश-दुनिया में मान बढ़ा है। आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी की जय-जयकार कर रहा है और भारत की ओर अपेक्षा भरी निगाह से देख रहा है। मोदी जहां भी जाते हैं, वहां हजारों लोगों की भीड़ मोदी-मोदी के नारों से स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सात दशक तक देश में राज किया, लेकिन विकास के नाम पर जनता को ठगने का काम किया है।*

### ममता ने पश्चिम बंगाल में अलग से चुनाव लड़ने का कर दिया ऐलान

*अठावले ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में अलग से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। अरविंद केजरीवाल पहले ही कह चुके हैं कि हम अलग से चुनाव लड़ेंगे। अब बिहार में नीतीश कुमार ने भी इंडी गठबंधन का दामन छोड़ दिया है। आने वाले समय में अपने पापकर्मों की वजह से कांग्रेस हाशिए पर जाने वाली है। एनडीए की सरकार 2044 तक सत्ता में रहने वाली है।*

---

# एसएन मिश्रा बने परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव निधि को एमडी महिला वित्त एवं विकास निगम का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को परिवहन विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है। पिछले दिनों तबादले के बाद यह परिवहन विभाग एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को अतिरिक्त रूप से सौंपा था। एसीएस मिश्रा इससे पहले भी काफी समय तक यह परिवहन विभाग का जिम्मा निभा चुके हैं। उनके पदभार ग्रहण करने पर डॉ. राजौरा इस पद से मुक्त हो जाएंगे। इसी तरह अन्य वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

शासन से जारी आदेश के अनुदार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की संचालक सुश्री निधि निवेदिता को एमडी महिला वित्त एवं विकास निगम दिया गया है। उज्जैन कलेक्टर पद से पिछले दिनों हटाए गए कुमार पुरूषोत्तम को उप सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में उप सचिव बनाया गया है। सीएमओ में पूर्व मुख्यमंत्री के साथ पदस्थ नीरज कुमार वशिष्ठ को संचालक विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जनजाति बनाया गया है। कलेक्टर पद से हटाए गए किशोर कुमार कन्याल को वन विभाग में उप सचिव बनाया गया है।

### एसीएस मिश्रा अनुसूचित जाति कल्याण के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे

डॉ. ई रमेश कुमार के पदभार ग्रहण करने पर एसीएस मिश्रा अनुसूचित जाति कल्याण के अतिरिक्त प्रभार तथा अजीत केशरी के पदभार के पदभार ग्रहण करने पर धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। निशांत वरवड़े के कार्यभार ग्रहण करने पर एसीएस केसी गुप्ता आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। तरून राठी के पद भार ग्रहण करने पर श्रीमती तन्वी सुंद्रियाल वाल्मी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होगी। इसी तरह मनीष सिंह के पदभार ग्रहण करने पर शोभित जैन व सुश्री निधि निवेदिता के पदभार ग्रहण करने पर अजय कटेसरिया अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

### मलय श्रीवास्तव को पीएचई की जवाबदारी

*एसीएस मलय श्रीवास्तव को पीएचई विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है। एम सेलवेंद्रन को संचालक उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एसीएस मनु श्रीवास्तव के ऊर्जा व नवकरणीय ऊर्जा विभाग का पद भार ग्रहण करने पर संजय दुबे अतिरिक्ति प्रभार से मुक्त होंगे। रस्तोगी के पदभार ग्रहण करने पर संजीव कुमार झा जेल विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।*

---



## नीतीश के बिहार सीएम बनने पर भोपाल में जेडीयू ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीतीश कुमार के 9वीं बार बिहार का मुख्यमंत्री बनने पर राजधानी के ईमामी गेट चौहारा पर जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) के प्रदेशाध्यक्ष मिस्बाउल हसन ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर जश्न मनाया। मिस्बाउल हसन ने कहा कि अब फिर से बिहार मजबूत होकर देश व दुनिया में सुशासन व कानून का राज, समावेशी विकास व शांति सद्भाव के लिए जाना जाएगा। अब बिहार का चौतरफा विकास होगा।



## गृहमंत्री शाह से मिले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन, जनकल्याण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गृह मंत्री शाह का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह से जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की और उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. मोहन ने गृहमंत्री शाह से मप्र संबंधी चर्चा की।

---




### 'मुग्ध' करने लगी 'मोहन' की 'बांसुरी' की आवाज

सीएम डॉ. मोहन यादव की बांसुरी से निकली आवाज ने हर वर्ग को मुग्ध करना शुरू कर दिया है। प्रदेश के विकास के मसलों के अलावा कई घटनाक्रम सोशल मीडिया में भी सामने आए, बिना देर किए मोहन की बांसुरी बज उठती है। निर्णय ऐसा आता है कि सब देखते रह जाते हैं। प्रदेश के तीन एसडीएम इसलिए 'नाप' दिए गए क्योंकि एक ने युवकों को सरेआम पिटवाया, दूसरे ने महिला से शू का फीता बंधवाया और तीसरी महिला अफसर ने किसान को चिल्लाकर चूजा तक कह डाला था। इससे पहले एक कलेक्टर इसलिए 'नप' गए थे क्योंकि उन्होंने एक ड्राइवर से अपमानित करने वाली भाषा में बात की थी। डॉ. यादव चौतरफा काम करते नजर आ रहे हैं। जयपुर जाकर उन्होंने राजस्थान और मप्र के बीच जल बंटवारे को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद चुटकियों में निबटा डाला।

### शिवराज मप्र में रहेंगे या करेंगे केंद्र की राजनीति?

शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री रहते और मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद हमेशा कहते रहे हैं कि वे मप्र में रहकर ही लोगों की सेवा करेंगे, केंद्र की राजनीति में कभी नहीं जाएंगे। अब अचानक शिवराज को दक्षिण में काम सौंप दिया गया। राजनीतिक हल्कों में चर्चा चल पड़ी की शिवराज को मप्र से दूर कर दिया गया। यह भी कहा जाने लगा कि अब शिवराज का भाजपा की मुख्य धारा में आ पाना कठिन होगा, क्योंकि यहां मप्र में न तो उनके खास विधायक मंत्रिमंडल में शामिल किए गए थे, न उनके खास अफसरों को अच्छी पोस्टिंग मिल रही थी। अब केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने भोपाल में आकर कह दिया कि शिवराज सिंह लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और केंद्र में मंत्री भी बनेंगे।

### वरिष्ठों ने ही लगाया कांग्रेस नेतृत्व की मंशा पर पलीता

विधानसभा चुनाव के बाद से ही यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि कांग्रेस इस बार पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को लोकसभा का चुनाव लड़ाएगी। पार्टी नेता राहुल गांधी की ओर से भी खबर चल रही थी कि कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेता, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री पद के दावेदार, प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। मप्र में दो नेताओं का नाम खासतौर पर चला। इनमें एक हैं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह और दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ। इन दोनों वरिष्ठ नेताओं ने ही पार्टी नेतृत्व की मंशा पर पलीता लगा दिया। कमलनाथ पहले ही लोकसभा चुनाव न लड़ने का संकेत दे चुके थे, अब दिग्विजय सिंह ने भी कह दिया कि वे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। ये दोनों नेता विधानसभा चुनाव के अगुवा थे। दोनों को मालूम है कि लोकसभा चुनाव में जीत आसान नहीं है।

### 'मामा का घर' मांग कर उमंग ने पैदा किया संकट

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भाग्य का खेल देखिए उनका सरकारी आवास 'मामा का घर' तक खतरे में है। शिवराज ने अपने नाम आवंटित 74 बंगले बी-10 के साथ बी-9 को भी अटैच कर लिया है। इसे उन्होंने पहले ही किरार समाज के नाम आवंटित करा लिया था। इस संगठन की प्रमुख उनकी पत्नी साधना सिंह हैं। इस दूसरे बंगले बी-9 को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मांग लिया है। यह मांग शिवराज को हैरान करने वाली है। कहीं उमंग की यह मांग भी किसी योजना का हिस्सा तो नहीं?

### हार के लिए दिग्विजय को तो जवाबदार नहीं मानते लक्ष्मण?

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पार्टी के अंदर के विवाद निबटाने में माहिर माने जाते हैं। लेकिन जिस तरह उनके छोटे भाई लक्ष्मण सिंह उन पर हमले कर रहे हैं, उसे देखकर सभी भौचक्के हैं। इस बार तो लक्ष्मण ने हद ही कर दी। उन्होंने दिग्विजय द्वारा ईवीएम मशीनों के डेमो दिखाने पर ऐतराज जताया। उन्होंने यह भी कह दिया कि क्यों उनका नाम बंटाढार पड़ा है। लक्ष्मण के इन तेवरों के कारण तलाशे जा रहे हैं। उनके निकटवर्ती लोगों से बात करने पर पता चला कि वे चाचौड़ा में अपनी हार के लिए दिग्विजय सिंह को जवाबदार मानते हैं क्योंकि वे जहां भी गए लक्ष्मण की बुरी पराजय हुई। इससे पहले जब कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब दिग्विजय ने अपने बेटे जयवर्धन को मंत्री बनवाया था, उन्हें नहीं। जबकि वे वरिष्ठ थे और चाचौड़ा से जीत कर विधायक बने थे। तब की उनकी नाराजगी अब निकल रही है। खास बात यह है कि लक्ष्मण हमले पर हमले कर रहे हैं और दिग्विजय सिंह कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। अब लक्ष्मण के भाजपा में जाने के कयास लगाए जाने लगे हैं।

दिनेश निगम 'त्यागी'

---

### बहोरीबंद गाढ़ा में 132 केवी पावर हाउस का लोकार्पण

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को कटनी के बहोरीबंद गाढ़ा में 132 केवी पावर हाउस का लोकार्पण किया एवं पावर हाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायक प्रणय पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल, जनपद उपाध्यक्ष व जिला महामंत्री राजेश चौधरी सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



---

**कलेक्टर सिंह, एसपी शर्मा की मौजूदगी में दोनों पक्षों में सहमति**

# उज्जैन में लगेंगी बाबा साहेब-सरदार पटेल की मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में सरदार पटेल की मूर्ति ट्रैक्टर से तोड़ने के बाद हुए बवाल में रविवार को समझौता हो गया। अब यहां सरदार वल्लभभाई पटेल और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्तियां लगाई जाएंगी। दोनों पक्षों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है। उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी सचिन शर्मा की मौजूदगी में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों की समन्वय बैठक हुई।

इस दौरान, दोनों पक्ष ने दोनों प्रतिमाएं लगाने और आपसी तालमेल बनाए रखने की बात कही। प्रशासन ने घटना के बाद दोनों पक्षों पर दर्ज केस के निराकरण करने की बात भी कही। माकड़ोन में गुरुवार को पाटीदार समाज और भीम आर्मी आमने-सामने आ गए थे। प्रशासनिक संकुल



भवन में हुई बैठक में कलेक्टर ने दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों को बात रखने के लिए कहा। दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने घटना पर दुःख व्यक्त किया। साथ ही, दोनों पक्षों ने भविष्य में शांति और सामंजस्य बनाए रखने का आश्वासन दिया।

### जिम्मेदार शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

*बैठक में पाटीदार समाज माकड़ोन के अध्यक्ष किरण वडिया और अजाक्स के जिलाध्यक्ष डॉ. आरएल परमार भी मौजूद रहे। निर्णय लिया गया कि सरदार पटेल और बाबा साहेब की मूर्तियां पुनः स्थापित की जाएंगी। सरदार पटेल की मूर्ति पुनः उसी जगह लगाई जाएगी। बाबा साहेब की मूर्ति भी लगेगी। एसपी सचिन शर्मा ने कहा कि भविष्य में जिम्मेदार शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस माकड़ोन में पेट्रोलिंग कर रही है। एएसपी नितेश भार्गव माकड़ोन में मौजूद रहेंगे। भविष्य में स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की बैठक होगी। वहीं, मूर्ति की स्थापना की प्रक्रिया नियमानुसार की जाएगी।*

## कनारा क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मौजूद रहे मंत्री प्रहलाद पटेल समेत कई विधायक

# इंदौर बनी विजेता, फेथ को पांच विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कनारा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला फेथ क्लब भोपाल और शशि फाउंडेशन इंदौर के बीच रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में खेला गया। इस मुकाबले में इंदौर ने भोपाल की टीम को 5 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक मुकेश टंडन, हरि सिंह सप्रे, फेथ ग्रुप के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, कैलाश रघुवंशी, वीर सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कनारा क्लब को 54 साल तक होने वाले इस आयोजन पर बधाई देने के साथ ही इस परंपरा को बनाए रखने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विजेता टीम को 1 लाख 50 हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। साथ ही उप विजेता टीम को एक लाख रुपए नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में बेहतर परफॉर्मेंस देने वाले खिलाड़ियों को भी नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

**इनका रहा श्रेष्ठ प्रदर्शन**

- टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन सिद्धार्थ पाटीदार (चार इनिंग 223 रन)
- सर्वाधिक विकेट-अमूल कस्तूरे (चार इनिंग 12 विकेट)
- सर्वाधिक चौके-सिद्धार्थ पाटीदार (23).
- सर्वाधिक छक्के-अंकुश सिंह (16)
- सर्वाधिक कैच-अनिल मौर्य (6)




**Government Women's Polytechnic College**
Shivaji Nagar, Bhopal - 462016 (M.P.)
Phone : 0755-2576839, Fax 0755-257684
Email : info@gwpbpl.org, Website : www.gwpbpl.ac.in
NBA Accredited Programmes
Architecture & Interior Design (2019-25)
Computer Science & Engineering (2019-25)
Estb. 1964 Approved by AICTE & Affiliated to RGPV Bhopal
Excellence in Technical Education for Women Empowerment
क्रमांक/शामपॉमभो/स्टोर/2024/175 भोपाल, दिनांक -24.01.2024
-:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::-
शासकीय महिला पॉलीटेकनिक महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से फर्नीचर हेतु निविदायें जारी की गई है। संस्था द्वारा जारी निविदाओं में सम्मिलित होने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रक्रिया के अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है। निविदा क्रमांक GEM/2024/B/4513532 जारी करने की तिथि 23/01/2024 अंतिम तिथि 06/02/2024 है।
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
जी-23449/23 प्राचार्य

**संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय**
**बाणगंगा मार्ग, भोपाल- 462003 (म.प्र.)**
वेबसाईट : www.archaeology.mp.gov.in ईमेल : mparchaeologu@gmail.com
दूरभाष 0755-2553307
// प्रेस विज्ञप्ति //
संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा प्रदेश में फैली पुरासंपदा का सर्वेक्षण, संरक्षण, उत्खनन, संकलन, प्रदर्शन एवं अनुरक्षण करना है। राजकीय अभिलेखागार के अंतर्गत अभिलेखों एवं महत्पूर्ण दस्तावेजों का संरक्षण, संवर्धन तथा शोध कार्य किये जाते है। विभाग की विभिन्न प्रशासनिक/तकनीकी कार्यो के संपादन में सहयोग के लिए स्त्रोत व्यक्तियों के एम्पैनलमेंट की कार्यवाही की जा रही हैं।
इच्छुक पात्र आवेदक विभाग की वेबसाईट www.archaeology.mp.gov.in पर उपलब्ध गुगल लिंक Empaneled Resource Person Form के माध्यम से अपनी अभिरूचि प्रस्तुत कर सकते है। आवेदक को न्यूनतम स्नातक योग्यता के साथ 05 वर्षो का इस क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव होना आवश्यक हैं।
आवेदक प्रक्रिया दिनांक 12.01.2024 से प्रांरभ हो चुकी है। संचालनालय द्वारा अभिरूचि की जांच कर उपयुक्त व्यक्तियों को एंपैनल किया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त, अभिरूचि पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।
जी-23454/23 कार्यालय प्रमुख पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश, भोपाल

## 29वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में रोचक मुकाबला

# धर्मेंद्र के शतक और नरेश की हैट्रिक से राज एक्सप्रेस सेमीफाइनल में

**आज के मैच**

- डिजिआना बनाम पीपुल्स सुबह 9.30 बजे से
- नगर निगम बनाम फॉल्कन इलेवन दोपहर 1.00 बजे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धर्मेंद्र ने 100 रनों की शतकीय पारी खेली। यह 29वें आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरा शतक है। इससे पहले जलील खान और जावेद खान शतक जमा चुके हैं। धर्मेंद्र की शतकीय पारी की मदद से राज एक्सप्रेस 83 रनों की जीत के टेबल टॉप किया है। दिन के दूसरे मैच में महाबली इलेवन ने एनडी आईपीएल को 22 रनों से हराकर कार्पोरेट ग्रुप के अंतिम चार में पक्की कर ली।

ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में रविवार को पहले मैच में राज एक्सप्रेस ने तीन विकेट पर 197 रन बनाए। इसमें धर्मेंद्र ने 100, जलील खान ने 77 रनों की पारी खेली। पीसी रजक ने दो विकेट लिए। जवाब में पत्रिका टीम 16.4 ओवर में 114 रनों पर आउट हो गई। पीसी ने 41 रन बनाए। सुभाष सिंह ने 17 रनों का योगदान दिया। नरेश मीना ने हैट्रिक के साथ चार विकेट लिए। जलील और जाहिद को दो-दो सफलताएं मिली। शशि शेखर और मनोरंजन को



1-1 विकेट मिले। धर्मेंद्र मानसरोवर मैन ऑफ द मैच और जलील खान आरएनटीयू वैल्यूएबल प्लेयर चुने गए। उन्हें निर्वासित तिब्बत सरकार के सांसद, तेंजिन चोय जिन और गेशे नगपा गांगरी, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट मुमताज खान और बीडीए के उपाध्यक्ष सुनील पांडे ने पुरस्कृत किया।

### महाबली ने जीता दूसरा मैच

दूसरे मैच में महाबली ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए। इसमें आयुष कुशवाह ने 31, साहिल रजक ने 26 कप्तान सुनील अहिरवार ने 24रन बनाए। यासिर खान ने तीन और अंकित शर्मा ने दो विकेट लिए। जवाब में एनडीआईपीएल नौ विकेट पर 126 रन बना सकी। जीशान 29 अर्पण 27 तथा यासिर और अजितेश जैन 23-23 रन बना सके। दीपक और श्रीधर ने 3-3 विकेट लिए। श्रीधर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

## पेज एक का शेष...

### दोनों राज्यों के लोगो...

के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में सचिव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय श्रीमती देबाश्री मुखर्जी, मप्र के अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा और राजस्थान शासन के अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन अभय कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**संघीय संघवाद का स्वर्णिम उदाहरणः केंद्रीय जल शक्ति मंत्रीः** इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि आज का दिन मध्यप्रदेश और राजस्थान के पानी की कमी वाले 26 जिलों के लिए स्वर्णिम सूर्योदय का दिन है। परियोजना से लगभग 5.60 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के साथ ही बांधों और बड़े तालाबों में पानी का संचय कर जल-स्तर उठाने में सफलता प्राप्त होगी। पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से एकीकृत कर इसे राष्ट्रीय महत्व की परियोजना का दर्जा देते हुए अत्यंत कम समय में मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों के बीच सहमति बनी जिसके लिए दोनों सरकारें बधाई की पात्र हैं। यह परियोजना संघीय संघवाद का स्वर्णिम उदाहरण है।

बता दें पिछले बरसों के दौरान प्रशासनिक व राजनीतिक दोनों स्तर पर कई दौर की बातचीत हुई थी। किंतु राजस्थान में कांग्रेस की सरकार व मप्र में भाजपा की सरकार होने की वजह से अंदरूनी तौर पर कई तरह की रुकावटें आईं और कोई फैसला नहीं हो पाया था। इस नदी जल विवाद की वजह से दोनों राज्यों के किसानों व उद्योगों को दिक्कतें हो रही हैं। जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव की लंबी चर्चा हुई। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राज्यों के परस्पर सहयोग पर जोर देते हैं। उनके नेतृत्व में और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सहयोग से राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ रविवार को चर्चा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा गया। इस महत्वपूर्ण निर्णय से दोनों राज्यों के लाखों किसानों का जीवन बदलेगा।

### ये नीतीश ही कर...

था। बात बन गई। सारी चीजें सेट हो गईं और नीतीश फिर से सीएम बन गए। रविवार सुबह 11 बजे राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। और, ठीक छह घंटे बाद फिर से सीएम पद की शपथ ले ली। गौर हो कि करीब 17 महीने बाद बिहार में फिर से एनडीए की सरकार लौट आई है। लालूप्रसाद की राजद ने सरेंडर कर दिया है। नई सरकार में 8 सदस्यों को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। दो डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। ये सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा हैं। घटनाक्रम जैसा होता है, वैसा ही है। पहले इस्तीफा। फिर भाजपा का समर्थन का पत्र। फिर सरकार बनाने का दावा। और फिर, शपथ। राजद ने कहा है कि वे विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हैं। इससे पहले सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता व विजय सिन्हा को उपनेता चुना गया।

**भाजपा के लिए यह आजमाया हुआ गठबंधनः** भाजपा के लिए यह एक आजमाया हुआ गठबंधन है, जिसने 2019 के आम चुनावों और 2020 के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए में भाजपा, जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी शामिल थे। राज्य की 40 संसदीय सीटों में से भाजपा और जेडीयू ने 17 सीटों पर और एलजेपी ने छह सीटों पर चुनाव लड़ा। 54.34% के संयुक्त वोट शेयर के साथ गठबंधन ने 40 में से 39 सीटें जीतकर राज्य में जीत हासिल की।

**अब महागठबंधन की नाव खाने लगी हिचकोलेः** सवाल है कि क्या इंडिया गठबंधन लड़ने से पहले ही हार गया है या फिर गठबंधन को ये महज एक धक्का लगा है और वह जल्द उठ खड़ा होगा? उत्तर प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल में सीट समझौता अभी तक फंसा हुआ है। ममता पहले से ही दूर थीं। अखिलेश से खींचतान है। आप पार्टी मान नहीं रही। ऐसे में महागठबंधन की नाव हिचकोले खा रही है।

### नीतीश ने कहा...

उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनकी जो भी मजबूरी रही लेकिन बिहार पेशोपेश में था, डेढ़ साल में बिहार में जंगलराज 2 की स्थिति आ गई थी। अगर, तेजस्वी यादव की ताजपोशी हो जाती तो बड़ी कठिनाई होती। भाजपा जंगलराज नहीं आने देगी।

### ये कुछ बयान...

जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार की तुलना 'गिरगिट' से की है। उन्होंने इसके लिए स्नोलीगोस्टर शब्द का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर हम कुछ गलत कहते तो बाहर गलत संदेश जाता। इसकी जानकारी हमें लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने पहले ही दे दी थी। आज यह सच हो गया। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया और लिखा- बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

**▶▶ प्रशांत किशोर बोले- फिर मारेंगे पलटी, लिखकर रख लोः** जनसुराज पार्टी के संस्थापक और राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा है कि नीतीश एक बार फिर पलटी मारेंगे, लिखकर रख लो।

भाजपा के साथ उनका गठबंधन 2025 में होने वाले अगले बिहार विधानसभा चुनाव तक नहीं टिकेगा और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि नीतीश कुमार अगली बार किसके साथ आएंगे। नीतीश फिर से पलटी मारेंगे और वे राज्य में किसके साथ चुनाव लड़ेंगे ये देखने वाली बात होगी।

### रस्तोगी और मनीष...

भी सौंपा है। संजय कुमार शुक्ला को राज्यपाल का प्रमुख सचिव बनाते हुए राजभवन में पदस्थ किया है। वहां से डीपी आहूजा को हटाकर पीडब्ल्यूडी विभाग का प्रमुख सचिव बनाया है। जबकि प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह को पीडब्ल्यूडी से हटाकर प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग दिया है। डॉ. ई रमेश कुमार को प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग तथा आयुक्त आदिवासी विकास व आयुक्त अनुसूचित जन जाति विभाग बनाया है।

### भोपाल सहित प्रदेशभर...

प्रदेश में मौसम फिर से बदल रहा है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सिवनी सहित कुछ शहरों में दिन में मामूली बादल रहे, जबकि शाम को मौसम पूरी तरह साफ हो गया। डिंडोरी, बालाघाट, मंडला और सिवनी आदि जिलों में बादल छाए रहे, जबकि कुछ हिस्सों में घना कोहरा रहा। मौसम विशेषज्ञ एचके शुक्ला के अनुसार रविवार से पश्चिमी विक्षोभ अब पाकिस्तान से आगे बढ़कर उत्तर भारत में पहुंच गया है। इससे हवाओं का रुख पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी होने लगा है। अरब सागर से नमी आने के कारण हल्के बादल छाने लगे हैं। बादलों के कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि दिन में धूप और दक्षिण पूर्वी हवाओं से पारा चढ़ेगा।

**पांच जिलों में रात का पारा 7 डिग्री से नीचेः** रविवार को भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, रायसेन, रतलाम, शिवपुरी, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, सिवनी आदि जिलों में दिन का तापमान ढाई से 3 डिग्री तक बढ़कर औसतन 28 डिग्री रहा। वहीं, प्रदेश में औसत न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा। पांच जिलों में रात का पारा 7 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ है। इनमें छतरपुर के कल्याणपुर में सबसे कम 5 डिग्री रहा। शाजापुर, नर्मदापुरम के पचमढ़ी में 6, आंवरी 6.3, सिंगरौली 6.7 और खजुराहो में रात का तापमान 6.8 डिग्री रहा है। इन जिलों में मध्यम से घना कोहरा भी छाया रहा। साथ ही भिंड, मुरैना, ग्वालियर, निवाड़ी, सतना आदि जिलों में भी मध्यम से घना कोहरा रहा। सोमवार को भिंड व निवाड़ी सहित आसपास के हिस्सों में मध्यम से घना कोहरा रहने की उम्मीद है।

### हर विजिटर को..

जाएगा। इस क्यूआर कोड का प्रिंट निकालकर तय समय पर आवेदक को संसद भवन पहुंचना होगा। इसके साथ उनके पास आधार कार्ड भी होना चाहिए। संसद भवन की एंट्री प्वॉइंट पर क्यूआर कोड को दिखाकर उसका एप्रूवल लेना होगा। एप्रूवल लेने के बाद रिसेप्शन पर आवेदक का बॉयोमीट्रिक किया जाएगा और फोटो भी लिया जाएगा। इतना होने के बाद उनको एक स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। स्मार्ट कार्ड लेकर दर्शक दीर्घा के एंट्री प्वॉइंट पर मेट्रो की तरह टैप करना होगा। इसके बाद ही गेट खुलेगा और वह अंदर जा सकेंगे। वापसी में उन्हें स्मार्ट कार्ड वापस करना होगा। किसी वजह से स्मार्ट कार्ड नहीं वापस करने और भूल जाने पर आवेदक ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। इसके बाद वह दोबारा कभी संसद भवन में प्रवेश नहीं कर सकेगा। नई व्यवस्था में सांसदों से कहा गया है कि वे विजिटर्स पास के लिए तीन दिन पहले अप्लाई करें। इससे पुलिस वेरिफिकेशन कराने में आसानी होगी। बजट सत्र में भी 31 जनवरी शाम चार बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### मंत्री अठावले का...

मौका देती है। केंद्रीय राज्य मंत्री अठावले रविवार को भोपाल भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को जमकर कोसा। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में अठावले ने कहा कि भाजपा ने गुजरात में नया प्रयोग किया था। मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री नए बनाए गए। मप्र में भी इसी तरह से किया गया है। इसमें कोई बुराई नहीं है। पार्टी में नए लोगों को भी मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिवराज का सांसद बनना पक्का है।

### दिग्विजय सिंह ने...

साल 2003 के विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद दिग्विजय सिंह ने अगले 10 साल तक कोई भी चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। वे साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भोपाल से उतरे। इस चुनाव में उनको भाजपा की साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब दिग्विजय के भोपाल या राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही थीं।

### प्रॉपर्टी डीलर...

स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर थी। बेटा अभी 12वीं का छात्र है। दो दिन से घर बंद था। दूध और पेपर भी घर के बाहर ही पड़े हुए हैं। जब दो दिनों तक कोई हलचल नहीं हुई। तो लोगों ने पास ही रहने वाले उनके परिजनों को उसके बारे में बताया। परिजनों ने आकर गेट खुलवाया तो गेट अंदर से बंद था। गेट खुलने के बाद अंदर का नजारा देखकर सभी दंग रह गए।

**सुसाइड नोट में बेटे की मौत से दुखी होने का जिक्रः** मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें पिता ने बेटे द्वारा फांसी लगाई जाने से दुखी होकर आत्महत्या करने का जिक्र किया है। इसके अलावा सुसाइड नोट में ये भी लिखा गया है कि बेटे ने किसी व्यक्ति से परेशान होकर सुसाइड किया है। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना में लगी है।

### लड़की से अभद्रता ...

सैन्यकर्मियों के 10 से ज्यादा साथी पब पहुंचे और युवकों के साथ जमकर मारपीट कर दी। वहीं, विवाद की जानकारी मिलते ही विजयनगर पुलिस मौके पर पहुंची। सेना के जवानों की जानकारी लगने के बाद पुलिस काफी देर तक पब के बाहर ही खड़ी रही। पब में हुई मारपीट के बाद युवती विजय नगर थाने में सैन्यकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाने पहुंची, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। एसीपी तुषार सिंह के मुताबिक पब में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एहतियातन पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। वहीं, मारपीट और विवाद का वीडियो भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9300009644

आवश्यकता
फ्रॉड कॉल से सावधान Reliance Jio 5G कंपनी में घर बैठे SMS Job करके लड़के /लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाईल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें - 9241650814 R- 28/01 to 01/02/24

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म/प्लॉट 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▶ निवेश का सुनहरा मौका
▶ डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▶ पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

Hindblaze® SMART WAY TO KITCHEN
TOLL FREE:- 1800 203 0585
HINDBLAZE APPLIANCES PVT. LTD.
60 CM • 1250 m³/hr • Hand Sensor • Filterless
Shopy:- Shop No 4/6 Aamer Complex Zone II Mp Nagar Bhopal 462010
Dealership & Trade Enquirie:- 88894 22296 Auth. Dist:-Sundram Sales And Service:- 88894 22295

भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी
(अधिकृत सेन्टर : माखनलाल चतुर्वेदी "राष्ट्रीय" विश्वविद्यालय)
ADD: 15-A, 15-B NIRMAL TOWER, ABOVE SBI/CANARA BANK, NEAR APSARA CINEMA, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M.86027-11111
DCA TOTAL FEE Rs. 2999/- PER SEM
PGDCA TOTAL FEE Rs.3999/- PER SEM
FREE 1 साल का GYM/CARDIO SECTION, 3 MONTH CPCT & FREE ALL SUBJECT BOOKS, Q.BANK, NOTES ETC.
CPCT GYM/CARDIO Rs. 500/- PER MONTH
एक बार VISIT अवश्य करें! दिमाग के साथ शरीर की कसरत भी
PRIVATE COURSES DCA, PGDCA, BA, MA, B.Com, M.Com, B.Sc, M.Sc, B.Lib, M.Lib, BBA, MBA
नोट : सभी सरकारी JOBS में COMPUTER DIPLOMA /CPCT अनिवार्य कर दिया गया है।
REQUIREMENT FACULTY & RECEPTIONIST

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
स्वयं की वर्षों की रिसर्च 100% कारागर इलाज
नए दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | शीतल मंजिल पुरानी कवियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला:** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर:** मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ:** मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन:** संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5408

**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5407 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5418

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5417 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### पीएनबी ने 2023-24 के लिए बढ़ाया मुनाफे का अनुमान




**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने मुनाफे का अनुमान बढ़ाकर 7,000-7,500 करोड़ रुपये कर दिया है। बैंक ने तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने इससे पहले कहा था कि चालू वित्त वर्ष में उसका मुनाफा 6,000 करोड़ रुपये रह सकता है।

### बाजार पूंजीकरण में नुकसान एचडीएफसी बैंक को




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स मार्च से 11 परियोजनाएं करेगी शुरू




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स इस तिमाही में मुंबई, पुणे और बेंगलुरु में 11 परियोजनाएं शुरू करेगी। इन परियोजनाओं की कुल राजस्व क्षमता 6,260 करोड़ रुपये है। मैक्रोटेक डेवलपर्स की मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे में उपस्थिति है। कंपनी लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों को बेचती है।

### तेल-तिलहनों में गिरावट से पेराई मिलें संकट में



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देशी तेल-तिलहनों के थोक दाम टूटते दिखे और इसके कारण देश की पेराई मिलों का संकट बढ़ गया है। दूसरी ओर, विदेशों में कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दाम में सुधार के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल की कीमतों में मजबूती रही।

### अंतरिम बजट तय करेगा शेयर बाजार की दिशा



**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अंतरिम बजट, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा निवेशक आगे के संकेतों के लिए विदेशी निवेशकों की गतिविधियों तथा वैश्विक रुख पर नजर रखेंगे।

### दिग्गज बैंकर राणा तलवार का निधन

**नई दिल्ली।** किसी वैश्विक बैंक का प्रमुख बनने वाले पहले भारतीय राणा तलवार का 76 साल की आयु में निधन हो गया है। वह स्टैंडर्ड चार्टर्ड पीएलसी के प्रमुख रहे थे। मानद चेयरमैन के पी सिंह के दामाद तलवार ने शनिवार को अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी रेणुका और बेटा राहुल हैं। डीएलएफ के अलावा वे असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड और ग्रेट ईस्टर्न एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों के निदेशक मंडल में शामिल हो चुके हैं। डीएलएफ ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को 27 जनवरी दिन शनिवार को एक गैर-कार्यकारी निदेशक तलवार के दुखद निधन के बारे में सूचित करते हुए खेद है।

# लाल सागर मार्ग से देश का निर्यात 50 फीसदी, आयात 30 फीसदी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है।

- हुती विद्रोहियों ने यहां से गुजरने वाले जहाजों पर नवम्बर से हमले शुरू किए

क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

**क्रिसिल रेटिंग्स ने पड़ने वाले प्रभाव को लेकर जारी की रिपोर्ट**

#### 18 लाख करोड़ रुपए का निर्यात इसी मार्ग से

पिछले वित्त वर्ष में देश से 18 लाख करोड़ रुपये का निर्यात (50 प्रतिशत) और 17 लाख करोड़ रुपये का आयात (30 प्रतिशत) इन क्षेत्रों से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश का कुल माल व्यापार 94 लाख करोड़ रुपये था। इसमें मूल्य का 68 प्रतिशत और मात्रा का 95 प्रतिशत समुद्री मार्ग से हुआ था।



#### विद्रोहियों पर अमेरिका व ब्रिटेन का भी जवाबी हमला

फिलहाल अमेरिकी और ब्रिटेन की सेना भी विद्रोहियों पर जवाबी हमले में लगी हुई है। घरेलू कंपनियां यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के हिस्से के साथ व्यापार करने के लिए स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर मार्ग का उपयोग करती हैं।

*लंबे मार्ग के कारण आपूर्ति का समय बढ़ा :* नवंबर, 2023 से लाल सागर क्षेत्र मार्ग से जाने वाले जहाजों पर बढ़ते हमलों ने जहाजों को 'केप ऑफ गुड होप' के वैकल्पिक लंबे मार्ग पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है।

*60 फीसदी रॉक फॉस्फेट जॉर्डन व मिस्र से आयात*
देश 30 प्रतिशत डीएपी सऊदी अरब से, 60 प्रतिशत रॉक फॉस्फेट जॉर्डन एवं मिस्र से और 30 प्रतिशत फॉस्फोरिक एसिड जॉर्डन से आयात करता है। कृषि वस्तुओं और समुद्री खाद्य पदार्थों जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों को अपने माल की खराब प्रकृति और/या कम मार्जिन के कारण महत्वपूर्ण प्रभाव देखने को मिल सकता है।

*कंटेनर माल ढुलाई दरें 300 प्रतिशत बढ़ीं :* नवंबर, 2023 से शंघाई उत्तरी यूरोप कंटेनर माल ढुलाई दरें 300 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 6,000-7,000 अमेरिकी डॉलर/टीईयू हो गई हैं। दूसरी ओर, कपड़ा, रसायन और पूंजीगत सामान जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों पर तुरंत प्रभाव नहीं पड़ सकता है, क्योंकि उनके पास उच्च लागत को वहन करने की बेहतर क्षमता है, या कमजोर व्यापार चक्र भी इसका एक कारण है।

### चुनाव को देख लोकलुभावन योजनाएं पेश की जा सकती है

# बजट में 'मोदी की गारंटी' छाए रहने की संभावना : पूर्व वित्त सचिव गर्ग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में 'मोदी की गारंटी' की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं।

यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

#### 2019 के चुनाव से पहले पेश हुआ था अंतरिम बजट

गर्ग ने कहा, 'वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिये मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं।'

**बजट में मध्यम वर्ग और किसानों के हितों को मिल सकती है प्राथमिकता**




#### 30 करोड़ असंगठित श्रमिकों पर होगा ध्यान

पूर्व वित्त सचिव ने कहा, ''असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी और वेतन कटौती को लेकर काफी संकट है। केंद्र सरकार के पास असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ श्रमिकों का आंकड़ा है। वित्त मंत्री इन श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए कुछ घोषणाएं कर सकती हैं। उन्हें सालाना कुछ नकद राशि देने की घोषणा की जा सकती है।''

- राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत ले सकते हैं
- वित्तमंत्री सीतारमण का यह लगातार छठवां बजट होगा

*75 करोड़ मतदाता होंगे लक्ष्य :* पूर्व वित्त सचिव ने कहा, 'सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों - को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं।

#### पीएम किसान निधि जारी रख सकते हैं

उस समय वित्त मंत्री की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मध्यम वर्ग को आकर्षित करने के लिए पांच लाख रुपये तक की कर-योग्य आय को आयकर से छूट दी थी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को सालाना 6,000 रुपये नकद भी उपलब्ध कराने की घोषणा की।


#### पुरानी घोषनाओं पर दिया जाएगा ध्यान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कई घोषणाएं कीं। इसमें अन्य बातों के अलावा 450 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर, गरीब महिलाओं को 1,250 रुपये का नकद हस्तांतरण, 21 साल की उम्र की तक गरीब लड़कियों को दो लाख रुपये आदि की घोषणाएं शामिल हैं और इन्हें 'मोदी की गारंटी' का नाम दिया गया।

#### वित्तीय सहायता देने की संभावना

बिहार सरकार ने हाल ही में 6,000 रुपये प्रति माह से कम आय वाले 94 लाख गरीब परिवारों को दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। इसको देखते हुए अंतरिम बजट में इस तबके को प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सहायता दिये जाने की संभावना है।

# राज्यों का राजस्व नवंबर तक पांच प्रतिशत बढ़ा



एजेंसी ▸▸ मुंबई

- इक्रा रेटिंग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई
- पिछले साल की तुलना में लिया 37 प्रतिशत अधिक कर्ज

देश के 16 सबसे बड़े राज्यों की कुल राजस्व प्राप्तियां अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान पांच प्रतिशत की दर से बढ़ीं। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि 17.4 प्रतिशत रहने का बजट अनुमान है।

इक्रा रेटिंग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान राजस्व वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 80 प्रतिशत घट गई। राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में नवंबर, 2023 तक सालाना आधार पर 37 प्रतिशत अधिक कर्ज लिया है। राजस्व प्राप्ति उम्मीद से कम रहने के चलते उन्हें अपने ऋण, वेतन तथा पेंशन का भुगतान करने के लिए चालू वित्त वर्ष में भारी उधार लेना होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि राजस्व में कमी बिक्री कर में गिरावट, राज्य माल एवं सेवा कर संग्रह (एसजीएसटी), उत्पाद शुल्क और स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क से कम प्राप्तियों के चलते हुई।

#### केंद्रीय अनुदान में कमी से राज्यों की स्थिति हुई तंग

रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्रीय अनुदानों में कमी के चलते भी राज्यों की स्थिति तंग हुई है। इक्रा ने कहा कि चौथी तिमाही में राजस्व संग्रह बेहतर होने का अनुमान है, लेकिन यह वृद्धि कमी को पूरी तरह से दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

## सीएमपीडीआई में पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया



एजेंसी ▸▸ रांची

सीएमपीडीआई में ध्वजारोहण कर पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार रहे। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार (माइनिंग) ए.के. राणा, कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा श्रीमती रूपाली गुप्ता, श्रीमती किरण झा, जेसीसी सदस्य एवं श्रमिक प्रतिनिधि, सीएमओएआई के प्रतिनिधि सहित सीएमपीडीआई परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने उद्बोधन में कुमार ने कहा कि विभाग की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोयला एवं गैर-कोयला क्षेत्र में एनएमईटी के माध्यम से अन्वेषण का पूरा प्रयास किया जा रहा है। अभी तक कुल 41 प्रस्ताव दिए गए हैं जिसमें गैर कोयला ब्लॉक्स के 4 प्रस्ताव सहित कुल 27 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए है वहीं गैर कोयला क्षेत्र में अन्वेषण के तहत सीएमपीडीआई ने 1 बॉक्साइट ब्लॉक की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है एवं कॉपर, लेड और जिंक जैसे बेस मेटल में एक प्रोजेक्ट में अन्वेषण शुरू हो गया है। दिसम्बर, 2023 तक कुल 242 रिपोर्ट तैयार कर लिया गया है जिसमें 22 जियोलाजिकल रिपोर्ट्स (जीआर) और 24 प्रोजेक्ट प्रतिवेदन (पीआर) शामिल हैं। 22 जीआर के जरिए लगभग 449 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को शामिल कर विस्तृत अन्वेषण के माध्यम से 8 बिलियन टन अतिरिक्त कोल रिजर्वस को प्रमाणित श्रेणी में लाया गया है। देश के कुल कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की भागीदारी 79 प्रतिशत है। कोल इंडिया की इस सफलता में सीएमपीडीआई प्रदत्त सेवाओं का प्रमुख योगदान है।

## महिंद्रा की ऑल- इलेक्ट्रिक एक्सयूवी 400 प्रो रेंज पेश

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने रविवार को 15.49 लाख की शुरुआती कीमत पर एक्सयूवी400 प्रो रेंज के लॉन्च की घोषणा की। नवीनतम प्रो रेंज में तीन नए वेरिएंट पेश किए गए हैं। ईसी प्रो (34.5 किलोवाट बैटरी, 3.3 किलोवाट एसी चार्जर), ईएल प्रो (34.5 किलोवाट बैटरी, 7.2 किलोवाट एसी चार्जर) और ईएल प्रो (39.4 किलोवाट बैटरी, 7.2 किलोवाट एसी चार्जर), प्रत्येक उन्नत सुविधाएँ और बेहतर आराम प्रदान करती है। महिंद्रा ऑल-इलेक्ट्रिक एक्सयूवी400 में गैर-लक्जरी सेगमेंट में सबसे तेज गति है, महज 8.3 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटा, टॉप स्पीड 150 किमी प्रति घंटा। सी-सेगमेंट एसयूवी श्रेणी में परिचालन करने वाली, एक्सयूवी 400-4200 मिमी लंबी है और इसमें 2600 मिमी का व्हीलबेस है, जो इसके यात्रियों को न केवल उत्कृष्ट केबिन स्पेस और लेगरूम प्रदान करता है, बल्कि 378 लीटर / का सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास बूट स्पेस भी प्रदान करता है। 418 लीटर (छत तक)।



#### 3 इंटेलिजेंट ड्राइव मोड

मजेदार, तेज और निडर, ड्राइविंग अनुभव को आपके मूड के अनुरूप बनाते हैं। 'लाइवली मोड' एक सेगमेंट-पहली सुविधा है, जो घने ट्रैफिक में सहज संचालन को सक्षम बनाता है। एक्सयूवी 400 में छह एयरबैग, ईपीएस, टीपीएमएस, ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम, सभी 4 डिस्क ब्रेक, आईएसओ एफआईएक्स सीटों सहित श्रेणी-अग्रणी सुरक्षा सुविधाएँ भी प्रदान की जाती हैं। इसकी फास्ट-चार्जिंग अनुकूलता का विश्व स्तर पर परीक्षण किया गया है। वाहन उद्योग में सर्वश्रेष्ठ धूल और जलरोधक बैटरी पैक और मोटर के साथ आता है, जो आईपी 67 मानकों को पूरा करता है।

### विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से निकाले 24,700 करोड़

**नई दिल्ली।** अमेरिका में बांड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 24,700 करोड़ रुपये निकाले हैं। दूसरी ओर ऋण या बांड बाजार को लेकर उनका उत्साह बना हुआ है। इस अवधि में उन्होंने बांड बाजार में 17,120 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक (25 जनवरी तक) भारतीय शेयरों से शुद्ध रूप से 24,734 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले पूरे दिसंबर में एफपीआई ने 66,134 करोड़ रुपये और नवंबर में 9,000 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था।

## सीएनएच इस साल भारत में पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश

- मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर उतारेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



इतालवी-अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है। कंपनी इस साल 30-40 हॉर्सपावर (एचपी) से कम की कॉम्पैक्ट ट्रैक्टर श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेगी। साथ ही कंपनी का इस साल 1,000 बेलर मशीनें (पराली प्रबंधन के लिए उपयोग की जाने वाली) बेचने का लक्ष्य है। वर्तमान में सीएनएच इंडिया की भारत के ट्रैक्टर बाजार में चार प्रतिशत हिस्सेदारी है। सीएनएच भारत और दक्षेस के कंट्री प्रबंधक एवं प्रबंध निदेशक नरिंदर मित्तल ने बातचीत में कहा कि भारत के कृषि क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं और कंपनी का इरादा अगले चार साल में अपनी बाजार हिस्सेदारी को दोगुना कर आठ प्रतिशत पर पहुंचाने का है।

### भारत की गैस मांग छह फीसदी बढ़ने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** उर्वरक इकाइयों, बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों में खपत बढ़ने के साथ भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह जानकारी दी। भारत में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 2022 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घट गई थी, हालांकि 2023 में इसमें पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पेट्रोरसायन, बिजली उत्पादन, रिफाइनरी और औद्योगिक क्षेत्रों से मांग बढ़ी। आईईए ने पिछले सप्ताह जारी गैस बाजार रिपोर्ट में कहा, 'भारत में प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। यह मांग मुख्य रूप से उर्वरक क्षेत्र सहित उद्योग में अधिक गैस उपयोग और बिजली क्षेत्र में मजबूत खपत से समर्थित है। इसके अलावा राष्ट्रीय पाइपलाइन ग्रिड और शहरी अवसंरचना के विकास से भी गैस क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है।

### रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने जारी की रिपोर्ट

# बड़े शहरों में फ्लैट का औसत आकार 11 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीते साल देश के प्रमुख शहरों में फ्लैट का औसत आकार 11 प्रतिशत बढ़ा है। इसकी चलते रियल एस्टेट कंपनियों उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप बड़े घरों का निर्माण कर रही हैं। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

- कंपनियां उपभोक्ताओं के मांग के अनुरूप बड़े घरों का निर्माण कर रही

एनारॉक ने सात प्रमुख शहरों के प्राथमिक आवास बाजार में 2023 के दौरान घरों की ताजा आपूर्ति का विश्लेषण किया है। आंकड़ों से पता चला है कि शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का आकार पिछले साल बढ़कर 1,300 वर्ग फुट हो गया, जो 2022 में 1,175 वर्ग फुट था।

#### दिल्ली में सर्वाधिक 37 फीसदी बढ़ा

कोलकाता में औसत फ्लैट आकार 2022 में 1,150 वर्ग फुट से दो प्रतिशत घटकर 2023 में 1,124 वर्ग फुट रह गया। दिल्ली-एनसीआर में औसत फ्लैट आकार 2022 के 1,375 वर्ग फुट से 37 प्रतिशत (सर्वाधिक) बढ़कर 2023 में 1,890 वर्ग फुट हो गया। हैदराबाद में औसत फ्लैट आकार सर्वाधिक है। यहां औसत फ्लैट आकार 2022 के 1,775 वर्ग फुट से 30 प्रतिशत बढ़कर 2023 में 2,300 वर्ग फुट हो गया।



#### आकांक्षी वर्ग में प्रीमियम घरों की मांग बढ़ी

क्रिसुमी कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा कि समाज का आकांक्षी वर्ग ऐसे प्रीमियम घरों की मांग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो विशाल और आकार में बड़े हैं। उन्होंने कहा, 'यह प्रवृत्ति निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है।'एमएमआर में औसत फ्लैट आकार 2022 में 840 वर्ग फुट से पांच प्रतिशत घटकर 2023 में 794 वर्ग फुट रह गया।


#### मुंबई व कोलकाता में औसत फ्लैट आकार कम हुआ

पिछले साल मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और कोलकाता में औसत फ्लैट आकार कम हुआ है जबकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर)-दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और चेन्नई में यह बढ़ गया है। औसत फ्लैट आकार 2019 में 1,050 वर्ग फुट, 2020 में 1,167 वर्ग फुट और 2021 में 1,170 वर्ग फुट था।

#### बड़े घरों की मांग महामारी के कारण शुरू हुई थी

एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 'पिछले साल बड़े लक्जरी घरों की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कुल नई परियोजनाओं में से लगभग 23 प्रतिशत लक्जरी श्रेणी में थीं।'पुरी ने कहा, बड़े आकार के घरों की मांग कोविड-19 महामारी के कारण शुरू हुई थी, लेकिन तीन साल बाद भी इसके कम होने के कोई संकेत नहीं हैं।

### सिएट यात्री वाहनों की बिक्री उछाल को भुनाना चाह रही




**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट लिमिटेड भारत में यात्री वाहन बिक्री में वृद्धि के अवसर भुनाना चाहती है। कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ अर्बन बनर्जी ने कहा कि इससे भविष्य में वाहनों में टायर बदलने (रिप्लेसमेंट) की मांग में भी बढ़ोतरी होगी। कंपनी अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अमेरिका में यात्री वाहन (पीवी) और ट्रक और बस रेडियल (टीबीआर) टायर बाजार में प्रवेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी का इरादा अपने अंतरराष्ट्रीय कारोबार को वृद्धि का एक इंजन बनाने का है।

चिंतन

# बिहार में उम्मीदों के रथ पर सवार भाजपा-जदयू

बिहार का राजनीतिक समीकरण फिर से बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजग में आ गए हैं और बिहार में राजग की सरकार बन गई है। वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू-भाजपा गठबंधन वाले राजग को ही जनादेश मिला था। वर्ष 2022 में नीतीश ने जनादेश का अपमान करते हुए राजद व कांग्रेस के साथ महागठबंधन में जाकर सरकार बना ली थी, अब वर्ष 2024 तक आते आते करीब दो साल में उन्हें अपने राजनीतिक नुकसान का अंदाजा हुआ तो, उन्होंने अपनी गलती सुधारते हुए फिर से भाजपा के साथ सरकार बना ली। नीतीश को अपने पाले में लाकर भाजपा ने एकसाथ कई राजनीतिक निशाने साधे हैं। पहली बात तो नीतीश को अपने खेमे में लाकर भाजपा ने विपक्ष के गठबंधन 'इंडिया' को कमजोर कर दिया। दूसरी बात, महागठबंधन से जदयू के निकल जाने से राजद, कांग्रेस व वामदलों के गठबंधन कमजोर हो गए हैं। तीसरी अहम बात कि नीतीश कुमार को साथ लाकर भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग को मजबूत कर लिया है। बिहार में लवकुश (कुर्मी-कोइरी) समीकरण (लगभग छह प्रतिशत) के वोटबैंक बन गए हैं। नीतीश कुमार के महादलित व अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) वोट बैंक, जो करीब क्रमशः करीब 19 फीसदी व 36 फीसदी हैं, के अब भाजपा के साथ आ जाने से करीब साठ फीसदी वोटबैंक राजग के बन गए हैं। अब बिहार में महादलित, अत्यंत पिछड़ा व सवर्ण का सोशल समीकरण बन गया है, जो राजग के लिए अहम साबित होगा। नीतीश कुमार के जाति जनगणना मुद्दे की हवा निकल गई है। इससे पहले 2005 में, 2010 में, 2019 में और 2020 में इस समीकरण की बदौलत भाजपा व जदयू ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वर्ष 2024 के लिए इसी तरह के प्रदर्शन दोहराने के लक्ष्य के साथ भाजपा व जदयू दोनों उम्मीदों के नए रथ पर सवार हो गए हैं। वर्ष 2013 में जब एनडीए से अलग हुए तो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में व 2015 के विधानसभा में जदयू का बुरा हश्र हुआ था। इस बार राजग का लक्ष्य बिहार के सभी 40 लोकसभा सीट हैं, जो जदयू के बिना संभव नहीं था। भाजपा के लिए महाराष्ट्र से अच्छी रिपोर्ट नहीं है, तेलंगाना व कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बन चुकी है, तमिलनाडु व झारखंड की स्थिति भी अलग है, पश्चिम बंगाल में ममता को मात देना आसान नहीं है, ऐसे में बिहार को सुनिश्चित करना जरूरी है। राम मंदिर के बाद बने माहौल, नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में अगर नीतीश कुमार की सुशासन छवि जुड़ जाएगी, तो भाजपा के लिए बिहार फतह करना आसान हो जाएगा। बेशक हाल के दिनों में जदयू व भाजपा के बीच खटास रहे, लेकिन राजनीति में इन सबके लिए स्थाई जगह नहीं होती है। महागठबंधन से बाहर निकलने के लिए जदयू ने जिस तरह कांग्रेस के सिर ठिकरा फोड़ा है और कर्पूरी टाकुर को भारत रत्न दिए जाने के बाद बने सियासी माहौल को भुनाया है, उससे साफ है कि नीतीश कुमार भविष्य की राजनीति के लिए सेफ गेम की तलाश में थे। नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि देते बिना किसी का नाम लिए कहा कि कर्पूरी ठाकुर अपने परिवार का पक्ष नहीं लेते थे लेकिन आज लोग परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं, उनका सीधा निशाना लालू यादव पर था। भाजपा परिवारवाद व वंशवाद की राजनीति पर कड़ा प्रहार करती रही है।



उम्मीद
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अंतरिम बजट के होंगे चुनावी रंग

वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोक लुभावन बड़ी घोषणाएँ की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्वप्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। यह बात भी महत्वनपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है।

एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की तैयारियों का अंतिम चरण 24 जनवरी को हलवा वितरण समारोह के साथ आरंभ हुआ। पिछले तीन पूर्ण बजट की तरह नया अंतरिम बजट भी पूरी तरह से पेपरलेस होगा। वस्तुतः इस समय पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री के द्वारा पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट की ओर लगी हुई है।

वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है, लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोक लुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं।

निसंदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा और आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोक लुभावन बड़ी घोषणाएँ की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्वप्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा।

यह बात भी महत्वनपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। जहाँ पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं, वहीं, आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपए के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। निसंदेह वित्तमंत्री के मुठ्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर



संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा वित्तमंत्री के पास कुछ और अनुकूलताएं भी हैं, जिनके मद्देनजर वे उपयुक्त जरूरी राहत दे सकती हैं। इस वित्त वर्ष 2023-24 में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए वे अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं। यह बात भी स्पष्ट रूप से उभरकर दिखाई दे रही है कि पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूँकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं।

नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग कोकुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है।नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपए से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहाँ विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढाँचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती है, जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें। यह भी संभव है कि नए अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल जैसी सामाजिक मदों में खर्च की बढ़ोतरी हो। इन दिनों वेतनभोगी (सेलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हेंकुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत लगभक 50 हजार रुपए तक की राहत मिल सकती है। मानक कटौती सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये किए जाने और जिन मकानों में व्यक्ति खुद रह रहा हो, उस पर लिए गए आवास ऋण पर ब्याज पर कर छूट की सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर कम से कम 2.5 लाख रुपये किए जाने की अपेक्षा है।

चूंकि पीएम नरेंद्र मोदी वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे हैं। ऐसे में यदि केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाना है तो ढेर सारी लोक लुभावन योजनाओं के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है। अगले दो वर्षों में 1.4 फीसदी की कमी चुनौतीपूर्ण होगी। ऐसे में वित्तमंत्री के लिए अंतरिम बजट में कई चुनौतियां होंगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राजनीति
सुरेश हिंदुस्तानी



# तार-तार होता कांग्रेस का विपक्षी एकता का सपना

वर्तमान में राजनीति रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे हैं। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है। पश्चिम बंगाल और पंजाब की राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते।




आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस अन्य राजनीतिक दलों उनकी महत्वाकांक्षाओं के साथ स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस की वर्तमान रवैए को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता।

एक समय गठबंधन के मुख्य सूत्रधार कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अब विपक्षी गठबंधन को बाय बाय कह चुके हैं। वे राजग में लौट आए हैं। बिहार में नीतीश कुमार राजग की सरकार बना चुके हैं। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नीतीश कुमार को उतना राजनीतिक महत्व देना नहीं चाहती, जो वह चाहते थे। नीतीश के कदम ने कांग्रेस को झटका दे दिया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया से नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के निकलने को विपक्षी एकता के लिए जबरदस्त आघात के रूप में ही देखा जा रहा है। ऐसा करने के पीछे अनुमान यही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्वीकारोक्ति में वृद्धि की है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भले ही न्यायालय के आदेश पर हुआ हो, लेकिन इसके लिए भाजपा के योगदान को आज पूरा देश जानता है। आज बिहार की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यह कहना ठीक ही होगा कि वहां भले ही राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड के बीच बेमेल गठबंधन बनाकर सरकार का संचालन किया जा रहा था, लेकिन इन दोनों दलों के बीच विचारों की एकता नहीं थी। दोनों ही दल अपनी अपनी दाल पकाने में व्यस्त रहे। कहा तो यह भी जा रहा है कि लालू प्रसाद यादव अपने पुत्र को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान करने की राजनीति करने लगे थे। जिसे लिए जदयू में तोड़ फोड़ की भी असफल कोशिश की गई थी। इसी प्रकार की स्थिति उत्तरप्रदेश की है, जहां कांग्रेस की राजनीतिक जमीन शून्यता की ओर कदम बढ़ा रही है। बसपा पहले ही एकला चलो का ऐलान कर चुकी है। बिहार का हश्र देखने के बाद सपा के साथ अंतिम समय में सीट शेयरिंग की है कांग्रेस ने। इस प्रकार की परिस्थिति के बीच कांग्रेस अपने राजनीतिक भविष्य की तस्वीर में किस प्रकार से रंग भरेगी, यह फिलहाल कहना मुश्किल है। कुल मिलाकर यही कहा जाएगा कि विपक्ष की एकता जो प्रयास किए जा रहे हैं, उसके समक्ष एक एक करके बड़े अवरोध भी स्थापित हो रहे हैं। इस अवरोधों का सामना करने की हिम्मत एकता से ही संभव हो सकती थी, जो फिलहाल असंभव सा ही लग रहा है। ऐसा लगने लगा है विपक्षी एकता के प्रयास तार-तार हो रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की अपनी राजनीति एक बड़ी बड़ी वजह है। विपक्षी राजनीतिक दलों को भविष्य की राजनीति की ओर कदम बढ़ाना है तो उसे भाजपा नीत राजग के बरक्श पूरी तैयारी के साथ आगे आना होगा, जो फिलहाल दिखाई नहीं दे रही है। कांग्रेस को केवल अपने बारे में सोचने से बात नहीं बनेगी, सबको साथ लेना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## रिलेशनशिप इन बातों से हो सकती है स्ट्रांग



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। *-श्री श्री रविशंकर*

## छोटे प्रयासों से बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

सटाका




## आज की पाती

### हानिकारक है प्लास्टिक का कचरा

स्वच्छता का लक्ष्य और स्वच्छ भारत का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक प्लास्टिक का प्रयोग शत-प्रतिशत बंद नहीं होता। हमारे देश में प्लास्टिक कचरा भी बढ़ता जा रहा है, कूड़े के ढेर में सबसे ज्यादा पॉलीथिन बैग ही नजर आते हैं। प्लास्टिक के कचरे को जला कर भी नष्ट नहीं किया जा सकता। इसे जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश में सबसे ज़्यादा प्लास्टिक कचरा बोतलों का भी होता है। देश के नागरिक और विदेशी लोग भी जब किसी कारण हमारे देश आते हैं, तो ये भी पानी की प्लास्टिक की बोतलों को इधर-उधर फैंक कर प्लास्टिक कचरे को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक का दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रयोग लोगों की सेहत पर तो भारी पड़ ही रहा है, साथ ही प्रकृति को दूषित करने का काम भी कर रहा है। *- संजय साहू, धमतरी*

करंट अफेयर

## भारत-अमेरिकी संबंधों में हो रहे बदलाव: संधू

अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत एवं अमेरिका के संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं जो कि द्विपक्षीय संबंधों की अभी सिर्फ शुरुआत है तथा इस दीर्घकालिक रिश्ते का दायरा अभी और बढ़ेगा। संधू ने यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि यहां रह रहे भारतीयों की दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि आज भारत में अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें।'




संधू 35 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद इस महीने के अंत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संधू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने से सभी युवा भारतीय अमेरिकियों को नौकरी के अधिकतर अवसर प्राप्त करने का विशिष्ट अवसर मिलेगा। संधू ने कहा, 'इसलिए न केवल भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों से भी भारत से जुड़े रहें।'

ऑफ बीट

## स्वाद हमारे खाने को गति देने में देता है मदद

एक वैज्ञानिक के रूप में जो भूख और वजन नियंत्रण की जांच करता है, मुझे इस बात में दिलचस्पी है कि हमारा दिमाग किस तरह से हमें बताता है कि हमने पर्याप्त मात्रा में भोजन खा लिया है। हमें जैसे-जैसे अपना पेट भरा हुआ महसूस होने लगता है, हम खाने की गति धीमी कर देते हैं। दशकों से, वैज्ञानिकों ने यही सोचा है कि गति में यह परिवर्तन केवल पेट और आंतों से मस्तिष्क तक आने वाले संकेतों से प्रेरित था। लेकिन यूसी सैन फ्रांसिस्को में मेरी प्रयोगशाला के एक नए अध्ययन से पता चला है कि वास्तव में, एक और प्रक्रिया काम कर रही है, और यह जैसे ही हम अपने भोजन का स्वाद लेते हैं, शुरू हो जाती है। इस प्रक्रिया के बारे में अभी अधिक पता नहीं चला है क्योंकि हम किसी जानवर के भोजन करते समय उसके मस्तिष्क की संबंधित गतिविधि का निरीक्षण नहीं कर पाए हैं। इसमें शामिल न्यूरॉन्स मस्तिष्क तंत्र में गहरे होते हैं। मेरी प्रयोगशाला में एक स्नातक छात्र, ट्रूओंग ली ने नई तकनीकें विकसित कीं, जिससे हमें चूहों में पहली बार इन न्यूरॉन्स की गतिविधि को देखने की अनुमति मिली। 'न्यूरॉन' तंत्रिका तंत्र में स्थित एक कोशिका है।



## ट्रेंड

### नीतीश को बधाई

बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### ऊर्जा, बुद्धि का प्रबंधन करेंगे

एक बार जब आपको यह एहसास हो जाए कि आपका समय सीमित है, तो आप अनुभव की अधिकतम गहराई और दुनिया में अधिकतम प्रभाव उत्पन्न करने के लिए अपनी ऊर्जा, बुद्धि और क्षमताओं का प्रबंधन करेंगे।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**



### आज वह सच हो गया

देश में 'आया राम-गया राम' जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजश्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। आज वह सच हो गया।
**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### शाश्वत रोमांच का उदाहरण

भारत और इंग्लैंड के बीच हो रहे कड़े मुकाबले के साथ ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की अप्रत्याशित जीत वास्तव में टेस्ट क्रिकेट के शाश्वत रोमांच, नाटक और रोमांस का उदाहरण है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

महिला टुकड़ियों का करतब देश-दुनिया में छाया

# 'प्राण प्रतिष्ठा' ने करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधा, नारी शक्ति दिखी

## 'मन की बात' के 109 वें एपिसोड में पीएम मोदी ने राम मंदिर के साथ गणतंत्र दिवस पर चर्चा की

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 109वें एपिसोड के जरिए देश को संबोधित किया। संबोधन की शुरुआत में पीएम ने गणतंत्र दिवस और अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर चर्चा की। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पीएम ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है।

सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम हैं। 22 जनवरी की शाम पूरे देश ने रामज्योति जलाकर दिवाली मनाई। पीएम मोदी ने कहा कि दो दिन पहले हम सभी देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया।




### पहली बार महिलाएं छाई रहीं

पीएम ने कहा कि इस बार परेड कई मायनों में बेहद खास रही। सबसे ज्यादा चर्चा परेड में नारी शक्ति की हुई। जब कर्तव्य पथ पर केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया तो सभी गर्व से भर उठे। 100 महिलाओं ने शंख, नगाड़ा और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर इसका आगाज किया। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। पीएम ने फर्स्ट टाइम वोटर्स से अनुरोध किया कि वोटर लिस्ट में अपना नाम जरूर लिखवाएं। पंजाब केसरी लाला लाजपत राय और फील्ड मार्शल केएम करियप्पा की जयंती पर दोनों को श्रद्धांजलि दी।

### अर्जुन पुरस्कार पाने वाली खिलाड़ियों की तारीफ की

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार अर्जुन अवॉर्ड समारोह में भी जिस एक बात ने लोगों का खूब ध्यान खींचा। इस बार 13 महिला खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इन महिला खिलाड़ियों ने कई बड़े टूर्नामेंट्स में हिस्सा लिया और भारत का परचम लहराया। शारीरिक चुनौतियां, आर्थिक चुनौतियां, इन साहसी और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के आगे टिक नहीं पाईं।

**विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को भी सराहा**

### सेल्फ हेल्प ग्रुप्स ने फहराया परचम

पीएम ने कहा कि एक और क्षेत्र है जहां महिलाओं ने अपना परचम लहराया है, वो है- सेल्फ हेल्प ग्रुप्स। आज महिला स्वयंसेवी समूहों की देश में संख्या भी बढ़ी है और उनके काम करने के दायरे का भी बहुत विस्तार हुआ है। वह दिन दूर नहीं, जब आपको गांव-गांव में खेतों में, नमो ड्रोन दीदियां, ड्रोन से खेती में मदद करती दिखाई देंगी।

**पद्म पुरस्कार ने किया प्रेरित**

पीएम ने कहा कि पद्म सम्मान पाने वालों में हर किसी का योगदान देशवासियों को प्रेरित करने वाला है। इसमें बड़ी संख्या उन लोगों की है, जो शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य आदि से हैं।

**आयुष मंत्रालय के डेटा वर्गीकरण से होगी सुविधा**

पीएम ने कहा कि मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी चिकित्सा से जुड़े डेटा और शब्दावली का वर्गीकरण किया है, इससे वर्गीकरण में सुविधा होगी।

---

## सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती पर दिल्ली में कार्यक्रम, सुप्रीम कोर्ट के 75 साल पूरे

हीरक जयंती समारोह में बोले पीएम मोदी

# आज बन रहे कानून, कल के उज्ज्वल भारत का बनेंगे आधार

**केंद्र ने 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता', 'भारतीय न्याय संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' की व्यवस्था शुरू**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती के अवसर पर दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दमखम न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए।

पीएम मोदी ने कहा कि 'औपनिवेशिक आपराधिक कानूनों को समाप्त करके 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता', 'भारतीय न्याय संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' की व्यवस्था शुरू की। इन बदलावों से हमारी कानूनी पुलिसिंग और जांच प्रणाली एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। पीएम ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध करता हूं कि वह भी इसी तरह की क्षमता-निर्माण प्रक्रिया के लिए आगे आए। सरकार लगातार कई निर्णय ले रही है, जिससे विश्वसनीय न्यायिक प्रणाली बन सके। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। इससे न्यायिक व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ कम होगा। सुप्रीम कोर्ट ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को समृद्ध किया है। भारत की आज की आर्थिक नीतियां और आज जो कानून बन रहे हैं, वही कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगे।

> पीएम मोदी ने कहा- सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध करता हूं कि वह भी इसी तरह की क्षमता-निर्माण प्रक्रिया के लिए आगे आए

> जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। इससे न्यायिक व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ भी कम होगा



### भारतीय नागरिक न्याय तक आसानी से पहुंचने के हकदार

आज पूरी दुनिया की नजर भारत पर है और भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है। भारत के लिए हर अवसर का लाभ उठाना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा भारतीय नागरिक न्याय तक आसान पहुंच के हकदार हैं और सुप्रीम कोर्ट की इसमें अहम भूमिका है। पूरी न्याय प्रणाली, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर काम करती है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले हफ्ते ही सुप्रीम कोर्ट भवन परिसर के विस्तार के लिए बीते हफ्ते ही 800 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। ई-कोर्ट मिशन के तीसरे चरण के लिए दूसरे चरण की तुलना में चार गुना ज्यादा राशि मंजूर की गई है।

### मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले

#### सुप्रीम कोर्ट सुरक्षा कवच का काम कर रही

कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना इस भावना के साथ की गई थी कि यहां कानूनों की व्याख्या कानून के शासन के अनुसार की जाएगी न कि औपनिवेशिक मूल्यों या सामाजिक पदानुक्रम के आधार पर। यह विश्वास को मजबूत करता है कि न्यायपालिका अन्याय, अत्याचार और मनमानी के खिलाफ एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करती है।

#### ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म का उन्नत संस्करण मिला

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब हमारे पास एक बटन पर क्लिक करके मामले दायर करने की सुविधा है। मई 2023 में ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म का उन्नत संस्करण लॉन्च किया गया था। इसमें 24 घंटे मामले दर्ज करने की सुविधा तेज होगी। ई-फाइलिंग से दर्ज मामलों की संख्या बढ़ रही है। बार और बेंच की मदद से कोरोना काल के बाद से वर्चुअल सुनवाई के मामले बढ़े हैं।

**कानून मंत्री मेघवाल ने कहा**

#### भारत के निर्माण में कानूनी बिरादरी की अहम भूमिका



कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ और 28 जनवरी 1950 को सुप्रीम कोर्ट ने काम करना शुरू कर दिया था। भारत निर्माण में कानूनी बिरादरी की अहम भूमिका रही है।

---

**एक देश-एक चुनाव पर चौथी बैठक**

# एक साथ चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगी 'गति'

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने की अध्यक्षता



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

एक राष्ट्र एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) के अध्यक्ष भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में शनिवार को चौथी बैठक संपन्न हुई। इस दौरान भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति यूयू ललित और मद्रास के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी के साथ परामर्श किया। उच्च न्यायालय और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि इससे जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत होगा।

समिति के समक्ष एनके सिंह और प्राची मिश्रा द्वारा सह-लिखित शोध पत्र 'मैक्रोइकोनॉमिक इम्पैक्ट ऑफ हार्मोनाइजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंस फ्रॉम इंडिया' पर आधारित एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें संकेत दिया गया कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास में तेजी आएगी और इसके परिणामस्वरूप व्यय में अधिक सरकारी निवेश होगा।

### आर्थिक विकास में आएगी तेजी

इसके पहले एक देश एक चुनाव समिति की एक और बैठक भी हुई थी, जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद,15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, डॉ. सुभाष सी. कश्यप, पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी,और वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने भाग लिया। पूंजी और राजस्व पर, क्योंकि मुफ्त चीजों पर खर्च कम होगा। कोविंद ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी,गोवा के अध्यक्ष दीपक 'पांडुरंग' धवलीकर के साथ बातचीत की। पार्टी ने अन्य बातों के साथ-साथ एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को अपना समर्थन देने का वादा किया है।

### कई पार्टियों ने दिया समर्थन

इसी बीच राजनीतिक दलों के साथ चर्चा जारी रखते हुए रामनाथ कोविंद ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी,गोवा के अध्यक्ष दीपक 'पांडुरंग' धवलीकर के साथ बातचीत की। पार्टी ने अन्य बातों के साथ-साथ एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को अपना समर्थन देने का वादा किया है।

---

## खबर संक्षेप

### लाखों कैश व ज्वेलरी लेकर भागी 'दुल्हन'



**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले के कोसली में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां एक दुल्हन शादी के दो महीने के भीतर दूसरी बार भाग गई। पहली बार तो वो वापस आ गई थी, लेकिन दूसरी बार अपने साथ सवा लाख रुपए कैश और तीन लाख रुपए के गहने भी ले गई। उसके पति ने तलाश की तो सीसीटीवी फुटेज में प्रेमी के साथ बाइक पर जाती दिखाई दी। मामला दर्ज किया गया है।

### राम मंदिर पर भड़काऊ पोस्ट, 2 लोग गिरफ्तार



**अयोध्या।** राम मंदिर को लेकर भड़काऊ रील बनाकर एक युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट की है। इसमें दो युवक आपत्तिजनक व भड़काऊ बातें बोलते दिख रहे हैं। रील में युवक भड़काऊ बातें कहने के बाद आखिर में बोलते हैं कि जो बीच में आएगा उसका सिर तन से जुदा हो जाएगा। ये रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### हॉस्टल में इंजीनियरिंग छात्रा ने बच्चे को 'जन्मा'



**नंदयाला।** आंध्र प्रदेश में नंदयाला जिले के पन्याम मंडल स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने हॉस्टल में एक बच्चे को जन्म दिया है। ज्यादा ब्लीडिंग होने से छात्रा की मौत हो गई है। यह छात्रा तीन महीने पहले ही इस हॉस्टल में रहने के लिए आई थी। शुक्रवार की शाम को उसने पेट में दर्द होने की जानकारी अपने परिजनों को दी थी।

### सुक्खू ने 42 एचएएस अफसरों का किया तबादला



**शिमला।** हिमाचल की सुक्खू सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले पहला बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। रविवार को सरकार ने 42 एचएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें से 12 एसडीएम बदले गए हैं, जबकि 13 को नियुक्ति दी गई है। कुछ एडीसी और एडीएम स्तर के अधिकारी भी बदले गए हैं। एडीएम कांगड़ा रोहित राठौर को एडीसी व परियोजना अधिकारी मंडी बनाया है।

### सुभासपा का टूटा मंच बाल-बाल बचे ओपी



**हमीरपुर।** हिमाचल सुहेलदेव भाजपा की हमीरपुर में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर उस समय बाल-बाल बच गए जब मंच के पीछे का हिस्सा अचानक से गिर गया। वहीं इस दौरान मंच पर पीछे खड़े कई समर्थक नीचे गिर गए जिन्हें हल्की-फुल्की सी चोटें भी आई हैं। बताया जा रहा है कि यह मंच जब गिरा था तब राजभर के साथ उनके पुत्र भी मंच पर थे।

---

**जलपाईगुड़ी से निकली कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'**

# आज देश निर्णायक मोड़ पर, न्याय के अभियान में आप भी योगदान दें

एजेंसी ▶▶जलपाईगुड़ी

बिहार में राजनीतिक हलचल और भारी उलटफेर के बीच राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी से फिर शुरू हुई। राहुल यात्रा शुरू करने के लिए आज सुबह बंगाल पहुंचे।

यह यात्रा 2 दिन के ब्रेक के बाद फिर से शुरू हुई है। राहुल ने फिर से यात्रा निकालने से पहले सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आज देश निर्णायक मोड़ पर है। ढेरों बलिदानों के बाद मिले अधिकारों की रक्षा के लिए,न्याय के इस अभियान में अपना योगदान दें। इस ऐतिहासिक जंग में अपना नाम दर्ज कराएं।

### दोपहर बाद शुरू हुई यात्रा



कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने सिलीगुड़ी के बागडोगरा एयरपोर्ट पर राहुल का स्वागत किया। यहीं से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दोपहर में फिर से शुरू हुई।

**पहले कुछ बैनर फाड़ दिए गए**

इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने टीएमसी नेता और सीएम ममता बेनर्जी को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि राज्य में कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित हों। कांग्रेस ने आरोप लगाए गए थे कि कुछ बैनर फाड़ दिए गए थे।

### उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ज्यादा धनवान



**पटना।** वर्ष 2020 के हलफनामे के मुताबिक सम्राट चौधरी के पास कुल 16 लाख 83 हजार 93 कैश है। उनके पास 1,32,58,408 रुपए की एग्रीकल्चर लैंड, जबकि 5,21,56,744 रुपए की नॉन एग्रीकल्चर लैंड है। विजय सिन्हा के पास 8,93,71,448 रुपए की जमीन से लेकर अन्य संपत्तियां हैं। सिन्हा और उनके परिवार के बैंक खातों में 70 लाख रुपए जमा हैं, जबकि कैश 1 लाख रुपए हैं। वहीं कमर्शियल, एग्रीकल्चर और आवास मिलाकर इनके पास कुल 7.15 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

## तमिलनाडु का ऊटी बना कश्मीर



### बर्फ की चादर में सिमटी पहाड़ी

*नई दिल्ली। तमिलनाडु के मशहूर पहाड़ी इलाके ऊटी में रविवार को पारा गिरकर 1.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम की वजह से बर्फ की चादर ऊटी में देखने को मिली। इस क्षेत्र में रह रहे लोग आग के सामने बैठे नजर आएं। निलगीरी जिले के इस पहाड़ी क्षेत्र में हर साल नवंबर से फरवरी के बीच इस तरह का नजारा देखने को मिलता है। निलगिरी में कंथाल, पिंकर पोस्ट, थलाई कुंडा के आसपास में भी यही नजारा देखा जा रहा है।*

---

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में इसे पति का कर्तव्य बताया**

# नौकरी नहीं तो भी मजदूरी करके पत्नी को गुजारा भत्ता दो

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने दिया फैसला

एजेंसी ▶▶इलाहाबाद

नौकरी से आय न होने के बावजूद पत्नी का भरण-पोषण करना एक पति का कर्तव्य है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने कहा है अगर पति की नौकरी से कोई आय नहीं है तो भी वह अपनी पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करने के लिए बाध्य है।

कोर्ट ने कहा कि वह एक अकुशल मजदूर के रूप में प्रतिदिन लगभग 300-400 रुपए कमा सकता है। जस्टिस रेनू अग्रवाल ने पारिवारिक अदालत के उस आदेश के खिलाफ व्यक्ति की पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। आदेश में उसे अपनी अलग रह रही पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 2,000 रुपए मासिक देने को कहा गया था।

> पति पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करने के लिए बाध्य

> रोजाना वह 300-400 रुपए तक तो कमा ही सकता है



**निचली अदालत के फैसले को दी थी चुनौती**

न्यायमूर्ति अग्रवाल ने निचली अदालत के न्यायाधीश को पत्नी के पक्ष में पहले से दिए गए गुजारा भत्ते के आदेश के तहत वसूली के लिए पति के खिलाफ सभी उपाय अपनाने का निर्देश दिया। पति ने परिवार अदालत के आदेश को चुनौती देते पुनरीक्षण अर्जी दी थी, जिसमें पत्नी को 2000 का गुजारा भत्ता देने को चुनौती दी थी।

### पति की दलील को किया खारिज

पति ने दलील दी कि परिवार अदालत इस बात पर विचार करने में विफल रही कि पत्नी स्नातक है और शिक्षण पेशे से प्रति माह 10,000 रुपए कमा रही है। यह भी कहा कि वह गंभीर रूप से बीमार है और डॉक्टर से इलाज करा रहा है। उसने यह भी दलील दी कि वह मजदूरी करता है और किराए के कमरे में रहता है और उसे अपने माता-पिता और बहनों की देखभाल करनी है। दोनों की शादी 2015 में हुई थी। वह 2016 से अपने माता-पिता के साथ रह रही है।

### पति नहीं दे सका ठोस सबूत

कोर्ट ने कहा कि पति इस बात का कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका कि पत्नी शिक्षण पेशे से 10,000 रुपए कमा रही है। इस दलील को इनकार कर दिया कि उसे अपने पिता, मां और बहनों की देखभाल करनी है जो उस पर निर्भर हैं। खेती- बाड़ी से अपना परिवार चलाते हैं।

---

**राज ठाकरे के बिगड़े बोल**

# हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं..., सुनने पर कानों को परेशानी हो रही

एजेंसी ▶▶मुंबई



नवी मुंबई के सिडको प्रदर्शनी केंद्र में विश्व मराठी सम्मेलन में मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने एक बार फिर मराठी कार्ड खेला है। यहां उन्होंने कहा कि मैं आज तक मराठी के विषय पर जेल भी गया हूं। मैं कड़वा मराठी हूं। मेरे लिए, संस्कार ऐसे ही बन गए हैं। हमें सबसे पहले महाराष्ट्र पर ध्यान देने की जरूरत है। मराठी मानुष पूरी दुनिया में गया है। इसके लिए उन्हें बधाई।

राज ठाकरे ने कहा कि 'लेकिन जब महाराष्ट्र के शहरों में मराठी छोड़ कर हिंदी मेरे कानों में आती है तो परेशानी शुरू हो जाती है। भाषा का कोई विरोध नहीं है। लेकिन हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं है। अन्य भाषाओं की तरह हिंदी भी एक भाषा है। देश में कभी भी राष्ट्रभाषा का फैसला नहीं किया गया। राज ने अनुरोध किया कि महाराष्ट्र सरकार को राज्य के सभी स्कूलों में पहली से 10वीं कक्षा तक मराठी भाषा अनिवार्य करनी चाहिए। दर्शकों से अपील की कि वे अपने सामने आने वाले हर व्यक्ति से मराठी में बात करें।

# 6 देशों ने रोकी फिलिस्तीन की फंडिंग

*एजेंसी, गाजापट्टी। इजराइल और हमास में जारी जंग के बीच अमेरिका समेत 6 देशों ने संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) की एक एजेंसी की फंडिंग को बंद कर दिया है। इजराइल के आरोपों के बाद गाजा के समर्थन में ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, फिनलैंड ने संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने एजेंसी के फंडिंग को बंद दिया है। एजेंसी की फंडिंग बंद होने पर खुशी जताते हुए इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने एक्स पर कहा कि गाजा के पुनर्निर्माण में यूएनआरडब्ल्यूए को सच में शांति और विकास के लिए समर्पित एजेंसियों से बदला जाना चाहिए। इस पूरे मामले पर फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने इजरायल की आलोचना की है और हमास ने जायोनी दुश्मन से प्राप्त जानकारी के आधार पर कर्मचारियों को बर्खास्त करने के फैसले की निंदा की है।*



**1** शरणार्थियों की मदद करती है यूएनआरडब्ल्यू

**2** इजराइल ने संस्था पर लगाए गंभीर

**3** यूएन के जरिये मिल रही थी आर्थिक मदद

## खबर संक्षेप

### 50 उड़ानें लेट, 2 दिन बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा। इसके चलते 50 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। हालांकि, आठ बजे के बाद कोहरा साफ होने लगा और हल्की धूप निकलने लगी। आसमान में बादलों की आवाजाही से धूप गायब रही। इसके चलते कड़ाके की सर्दियां फिर से वापस लौट आई हैं। एक दिन पहले की तुलना में दिन के लगभग तापमान में साढ़े पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है।

### यूक्रेन: हथियार खरीद के नाम पर बड़ा घोटाला



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के दौरान यूक्रेन में हथियारों की खरीदी के नाम पर बड़ा सैन्य घोटाला सामने आया है। ऐसी जानकारी सामने आई है कि रक्षा मंत्रालय और सेना के बड़े अधिकारियों ने हथियारों की खरीद के नाम पर 33 अरब रुपए डकार दिए। यूक्रेन की एसबीयू सुरक्षा सेवा ने शनिवार को कहा कि उसने देश की सेना द्वारा हथियारों की खरीद में लगभग 40 मिलियन डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के भ्रष्टाचार का खुलासा किया है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने मामले में पुष्टि की है।

अदन की खाड़ी से गुजर रहे जहाज पर 22 भारतीय भी थे सवार

# हूतियों ने ब्रिटेन के तेल टैंकर पर बोला हमला, भारतीय नौसेना ने बुझाई आग

**अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे यमन के हूती विद्रोही**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोत की अग्निशमन टीम ने अदन की खाड़ी में एक मिसाइल से हमला होने के बाद शनिवार रात एक व्यापारिक जहाज में लगी भीषण आग को बुझाया। मिसाइल से निशाना बनाए जाने के बाद आईएनएस विशाखापत्तनम ने व्यापारिक जहाज मार्लिन लुआंडा से एसओएस कॉल का जवाब दिया। तेल टैंकर में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक सवार थे। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि 10 अग्निशमन कर्मियों की एक टीम ने 6 घंटे के बाद आग पर काबू पाया। एनबीसीडी टीम ने ब्रिटिश जहाज के क्रू के साथ मिलकर आग को बुझा लिया और सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। नौसेना ने व्यापारी जहाज के कप्तान का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें वह एसओएस कॉल का जवाब देने के लिए युद्धपोत के कर्मियों को धन्यवाद दे रहा है।

**खास बातें**

- हूतियों ने एक बार फिर एक व्यापारिक जहाज को निशाना बनाया
- आईएनएस ने जहाज मार्लिन लुआंडा से एसओएस कॉल का जवाब दिया

*इंडियन नेवी ने अदन की खाड़ी में एक व्यापारिक जहाज में लगी भीषण आग बुझाई है। दरअसल शनिवार को एक व्यापारिक जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया था।*



**» 10 अग्निशमन कर्मियों की टीम ने 6 घंटे में आग पर पाया काबू**

**» भारतीय सेना ने सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया**

### हुती बड़ा रहे तनाव

*यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से एक बार फिर जोरदार हमला किया गया था। आतंकियों ने एक तेल टैंकर पर मिसाइल से हमला किया। इसके कारण तेल टैंकर में आग लग गई। सिग्नल मिलते ही इंडियन नेवी के मिसाइल डेस्ट्रॉयर आईएनएस विशाखापत्तनम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी लोगों को बचा लिया। नेवी ने बताया कि 26 जनवरी की रात में ऑयल टैंकर से डिस्ट्रेस कॉल मिलते ही अदन की खाड़ी में मौजूद हमारे गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉय आईएनएस विशाखापत्तनम ने रिस्पॉन्स दिया और घटनास्थल की तरफ रवाना हो गया।*

### ईरान सीमा पर 9 पाक नागरिकों की हत्या

ईरान के दक्षिण-पूर्व इलाके में शनिवार को सीमा पर अज्ञात बंदूकधारियों ने 9 पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। गोलीबारी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में सारावन शहर के पास एक घर में हुई। ईरान में पाकिस्तान के राजदूत ने घटना की पुष्टि करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। इस बीच बलोच लोगों की तरफ से 'हलवाश' ग्रुप ने पीड़ितों की ऑनलाइन तस्वीरें साझा की हैं।

### मालदीव की संसद में हाथापाई स्पीकर के साथ बदसलूकी




*माले। मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की तानाशाही शुरू होने से राजनीतिक गतिरोध तेज हो गया है। विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के मंत्रिमंडल के 4 सदस्यों की मंजूरी रोक दी है। इस घटना के बाद मुइज्जू सरकार ने विपक्षी दलों को संसद में घुसने से रोक दिया है। रविवार को दोपहर 1 बजे संसद में मतदान होना था। इस दौरान सत्ताधारी पार्टी के सांसदों ने सदन में ताला भी लगा दिया और कार्यवाही रोकने की कोशिश करते हुए वोटिंग कार्ड भी छीन लिये।*

मुस्लिम बाहुल्य है पड़ोसी मुल्क

# इंडोनेशिया में भगवान गणेश और गरुण का दबदबा कायम



### 2018 तक करेंसी का रहा चलन

हालांकि इंडोनेशिया, अब भगवान गणेश की तस्वीर वाली करेंसी छापना बंद कर चुका है। साल 2008 में आखिरी बार इस करेंसी की छपाई हुई थी, लेकिन ये नोट 2018 तक चलन में थे। वहीं सरकारी विमान कंपनी का नाम 'गरुण एयरलाइंस' है। यहां की सरकारी विमानन कंपनी का नाम पवित्र गरुड़ पक्षी के नाम पर रखा गया।

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

भारत का पड़ोसी, इंडोनेशिया दुनिया का सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला देश है। यहां की कुल आबादी में करीब 87 फ़ीसदी मुसलमान हैं और इनकी संख्या करीब 23 करोड़ के आसपास है। इंडोनेशिया भले ही सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश हो और इस्लाम को मानता हो, लेकिन लंबे वक्त तक हिंदुओं के आराध्य भगवान गणेश ने इस देश को 'सहारा' दिया। भगवान गरुण का दबदबा तो आज भी है। इंडोनेशिया की करेंसी को 'रुपैया' के नाम से जाना जाता है और 20 हजार की करेंसी पर भगवान गणेश की तस्वीर छाप चुका है।

### इंडोनेशिया में 1.69 फीसदी हिंदू आबादी

*इंडोनेशिया में करीब 1.69 फीसदी हिंदू आबादी भी रहती है। जिसमें से लगभग 90 फ़ीसदी आबादी अकेले बाली में रहती है। देश में कुल 87.02% मुसलमान (जिसमें 99 फीसदी सुन्नी), 7.43% ईसाई, 1.69% हिंदू, .073% बौद्ध और बाकी अन्य धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। 2030 तक इंडोनेशिया को पीछे छोड़ते हुए पाकिस्तान सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश बन जाएगा।*

### 1998 में नोट छापने की शुरूआत

इस नोट को छापने की शुरुआत साल 1998 में हुई थी। नोट पर एक तरफ भगवान गणेश तो दूसरी तरफ इंडोनेशिया के स्वतंत्रता सेनानी 'हजार देवेंत्रा' की तस्वीर छपी। यहां भगवान गणेश को कला, विज्ञान और शिक्षा का प्रतीक माना जाता है। जिस वक्त भगवान गणेश की तस्वीर करेंसी पर छापने का फैसला लिया गया था, उस वक्त इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था बहुत बुरे दौर से गुजर रही थी।

किम की सनक से दक्षिण कोरिया में मचा हड़कंप

# उत्तर कोरिया ने सुबह-सुबह कर दी कई मिसाइलों की बारिश

एजेंसी ▶▶ प्योंगयांग

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने रविवार को अपने पूर्वी तट से कई क्रूज मिसाइलें दागीं हैं और एक हफ्ते से भी कम समय में ये दूसरी बार है, जब उत्तर कोरिया ने मिसाइलों की बारिश की है। मिसाइलों को सुबह 8 बजे लॉन्च किया गया था। दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया अधिकारी इसका विश्लेषण कर रहे हैं। दक्षिण कोरियाई अधिकारी ने कहा है कि हमारी सेना संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ निकटता से सहयोग कर रही है और निगरानी भी कर रहे हैं।



### लगातार कर रहा मिसाइल परीक्षण

उत्तर कोरिया द्वारा 'पुलह्वासल-3-31' नामक एक नई रणनीतिक क्रूज मिसाइल दागने के कुछ दिनों बाद हुआ, जो यह दर्शाता है कि वह परमाणु सक्षम देश है। उत्तर कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ लगातार टकराव बढ़ा रहा है, लेकिन वॉशिंगटन और सियोल के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें कोई संकेत नहीं मिला कि प्योंगयांग सैन्य कार्रवाई करने का इरादा रखता है।

3 जवानों की मौत, 25 घायल

# सीरिया में अमेरिकी सेना के जॉर्डन कैंप पर ड्रोन अटैक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

सीरिया में अमेरिकी सेना के जॉर्डन में बेस कैंप पर ड्रोन अटैक होने से अमेरिका के 3 जवानों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि ये मौतें सीरिया सीमा के पास एक बेस पर ड्रोन हमले के कारण हुईं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि यह हमला कट्टरपंथी ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों द्वारा किया गया। तथ्यों को इकट्ठा कर रहे हैं। वहीं हमास ने कहा कि सैनिकों की मौत से पता चलता है कि अगर गाजा युद्ध जारी रहा तो वॉशिंगटन का इजराइल को समर्थन उसे पूरे मुस्लिम जगत के साथ मुश्किल में डाल सकता है और इससे क्षेत्रीय विस्फोट हो सकता है। हमास के प्रवक्ता सामी अबू जुहरी ने कहा कि सैनिकों की हत्या अमेरिकी प्रशासन के लिए एक संदेश है कि जब तक गाजा में निर्दोष लोगों की हत्या नहीं रुकती, इसका सामना पूरे (मुस्लिम) राष्ट्र को करना पड़ सकता है।



बेहोश होकर गिरे पैट्रिक को तत्काल दी सीपीआर

# एसआई की सूझबूझ से बची जान

*नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर की सूझबूझ से फ्रेंच मूल के 63 वर्षीय बर्ट्रेंड पैट्रिक की जान बच गई। वे एयरपोर्ट करीब 11:40 बजे बर्ट्रेंड पैट्रिक सुरक्षा जांच के लिए लाइन में खड़े थे, तभी उन्हें हार्ट अटेक आ गया और वे गिर गए। एक्स-रे मशीन पर तैनात सीआईएसएफ के सब-इंस्पेक्टर पुनीत तिवारी ने तत्काल पैट्रिक को सीपीआर दी। डॉक्टर भी पहुंच गए।*



पाक में 8 फरवरी को मतदान, चुनाव प्रचार जोरों पर, नवाज को सत्ता में वापसी की उम्मीद

# नवाज शरीफ ने घोषणा पत्र में भारत से किया शांति बहाल करने का वादा, रखी शर्त

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। इसको लेकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने घोषणापत्र जारी किया है, जिसमें पाक की अर्थव्यवस्था को बहाल करने, भारत के साथ शांति को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और आतंकवाद को लेकर शून्य-सहिष्णुता का रुख अपनाने का वादा किया है। लेकिन, सवाल ये उठ रहे हैं, कि क्या नवाज शरीफ की बातों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भरोसा करेंगे?

### नवाज के बुलावे पर पीएम मोदी गए थे पाक

वहीं, नवाज शरीफ के एक बुलावे पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तान भी गए थे और दोनों नेताओं के बीच संबंध दोस्ताना भी हो गए थे, लिहाजा अब जबकि उनका सत्ता में आना तय माना जा रहा है। चुनाव से करीब दो हफ्ते पहले नवाज शरीफ की घोषणापत्र में भारत के साथ शांति बहाल करने की बात कही गई है, जो यकीनन बहादुरी भरा कदम है। लेकिन शर्त ये रखी गई है, कि इसके लिए भारत को 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर में 370 हटाने के फैसले को बदलना होगा। इस पर नई दिल्ली ने पाक से कहा है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अविभाज्य और अभिन्न अंग है। अनुच्छेद 370, जिसे 2019 में भारत की संसद द्वारा निरस्त किया गया था, पूरी तरह से भारत के साथ-साथ इसके संविधान का मामला है।



### भारत से दोस्ती करना चाहते हैं नवाज

एक्सपर्ट्स का मानना है, कि नवाज शरीफ की कोशिश देश की अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाना है और इसके लिए भारत से कारोबार शुरू करना ही पहला और आखिरी विकल्प होगा। पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा ने कई बार सार्वजनिक तौर पर भारत से अच्छे संबंध बनाने की वकालत की। बाजवा चाहते थे कि भारत के साथ कारोबार बढ़ाया जाए, ताकि पाक आर्थिक संकट से बाहर निकले, लेकिन इमरान खान से उनके मतभेद की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। जनरल बाजवा के कार्यकाल के दौरान भारत और पाक के बीच सीमा पर संघर्षविराम समझौता हुआ था। करीब 4 साल हो गए हैं, जब भारत और पाकिस्तान की सीमा पर सैन्य स्तर पर करीब करीब शांति है। दोनों तरफ से गोलीबारी बंद है।

### मौजूदा आर्मी चीफ का बयान नहीं आया

*पाकिस्तान के मौजूदा आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर भारत को लेकर क्या सोचते हैं, उनकी सोच अभी तक सार्वजनिक नहीं हो पाई है, लिहाजा नवाज शरीफ के लिए भारत की तरफ दोस्ती की हाथ बढ़ाना तो आसान होगा, लेकिन हाथ बनाए रखना कितना आसान होगा, ये फिलहाल नहीं कहा जा सकता है। भारत ने पाक को लेकर सख्त रूख बनाए रखा है और साफ कह रखा है, कि आतंकी गतिविधियों के बीच भारत बातचीत नहीं करेगा, लेकिन क्या नवाज शरीफ, जो एक मंझे हुए राजनेता हैं, उनके कार्यकाल के दौरान भारत थोड़ा नरमी बरतेगा और बातचीत करेगा, ये देखने वाली बात होगी।*

तैरता हुआ वंडरलैंड

# समुद्र की सात दिवसीय यात्रा पर निकला दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज

एजेंसी ▶▶ फ़िनलैंड

दुनिया की सबसे बड़ी क्रूज शिप शनिवार को अपनी पहली यात्रा पर रवाना हो चुकी है। रॉयल कैरेबियन ग्रुप की आइकॉन ऑफ द सीज नाम का ये क्रूज शिप मियामी से निकली। इस क्रूज को फ़िनलैंड के तुर्कू में एक शिपयार्ड में बनाया गया है। इसे बनाने में 900 दिन लगे हैं। इस क्रूज शिप की लंबाई 365 मीटर है जो कि एफिल टॉवर से भी अधिक है। इसमें 20 डेक हैं और इसमें एक साथ 7,600 से अधिक यात्री सवार हो सकते हैं। इस रॉयल क्रूज की कीमत 2 बिलियन डॉलर बताई गई है। यह सात दिन की यात्रा करेगी। शिप की मालिक रॉयल कैरिबियन का दावा है इस जहाज़ पर लोगों को वो अनुभव मिलेगा, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की है।



# यानिक सिनर ने खिताब जीत रचा इतिहास ऑस्ट्रेलियाई ओपन को मिला नया चैंपियन

**3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से जीता मैच**

**मेदवेदेव की 6 ग्रैंडस्लैम फाइनल में पांचवीं हार**

मेलबर्न। यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलि[illegible] इटली के [illegible] अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम में छह फाइनल में यह पांचवीं हार है।



### 10 साल बाद मिला नया विजेता

ऑस्ट्रेलियन ओपन को 10 साल बाद कोई नया चैंपियन मिला है। पिछली बार 2014 में स्विट्जरलैंड के स्टैन वावरिंका खिताब जीते थे। उनके बाद कोई नया चैंपियन नहीं मिला था। साल 2004 से स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर, सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के राफेल नडाल ही इस टूर्नामेंट को जीत रहे हैं। 2004 से फेडरर छह बार चैंपियन बने। जोकोविच ने उनसे ज्यादा 10 बार खिताब अपने नाम किया। वहीं, नडाल दो बार चैंपियन बने। इस बीच रूस के मराट साफिन 2005 और वावरिंका 2014 में सफल हुए थे।

### पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते, चौथे हारे

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की।



### सू वेई-मर्टेंस को महिला युगल खिताब

ताईवान की 38 वर्ष की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने 11वीं वरीयता प्राप्त लाटविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब था जबकि मर्टेंस ने चौथी बार जीता है। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन महिला युगल खिताब जीता था। मार्टिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

## खबर संक्षेप



### शाजी की बर्खास्तगी के लिए बैठक कल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। उच्च न्यायालय द्वारा हालांकि उनकी बर्खास्तगी पर रोक लगाने के आदेश के बावजूद उन्हें आमंत्रित किये जाने की संभावना नहीं है। बैठक के एजेंडे में एक विषय का उल्लेख है, 'महासचिव के पद से डॉ. शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी और सेवा समाप्ति। नहीं, मुझे एआईएफएफ की मंगलवार की कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।'

### हॉकी5 महिला विश्व कप में उपविजेता रही टीम इंडिया



**मस्कट।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए ज्योति छत्री ने 20वें और रुतुजा दादासो पिसाल ने 23वें मिनट में गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने (दूसरा और 14वां मिनट), बेंते वान डेर वेल्ट (चौथा और आठवां), लाना काल्से (11वां और 27वां) और सोशा बेनिंगा (13वां मिनट) ने गोल किए। एफआईएच हॉकी5 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को तीन लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ लाख रुपए पुरस्कार देने का ऐलान किया है।

### तवांग में कयाकिंग टूर्नामेंट 5 फरवरी से



**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा के पास तवांगचू नदी पर छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट अगले महीने आयोजित किया जाएगा। इस नदी में तिब्बत की दो नदियां मिलती हैं जो बाद में तिब्बत से होकर ब्रहमपुत्र में मिल जाती हैं। पांच फरवरी से होने वाले 'तवांगचू टाइड्स' टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को रोमांच की पूरी सौगात मिलेगी। आयोजकों द्वारा जारी बयान के अनुसार दुनिया भर के 130 कयाकर्स इसमें भाग लेंगे। इसका आयोजन अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू के मार्गदर्शन में हो रहा है जो इसी प्रदेश से हैं।

**टेस्ट : ओली पोप ने बनाए 196 रन, हार्टले ने झटके 7 विकेट**

# हार्टले ने डेब्यू मैच में भारत को किया 'हर्ट' इंग्लैंड ने 28 रन से दर्ज की यादगार जीत

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ओली पोप (196 रन) के जोशीले शतक के बाद पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले (62 रन देकर सात विकेट) ने जादुई स्पैल डाला। इससे इंग्लैंड ने रविवार को यहां पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन हार्टले की फिरकी के जाल में फंसकर मेजबान टीम चौथे दिन दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का रवैया पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों अनुभवी स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई जिसे कुल मिलाकर केवल तीन अंतरराष्ट्रीय मैच का अनुभव है।



### हैदराबाद में पहली हार

साथ ही हैदराबाद के इस मैदान पर भारतीय टीम की यह टेस्ट इतिहास में पहली हार है। इस टेस्ट मैच से पहले तक इस मैदान पर भारतीय टीम ने कुल 5 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें से 4 जीते (लगातार) और 1 ड्रॉ (पहला मैच) रहा था। इस तरह हैदराबाद में भारतीय टीम की यह पहली हार है।

### टेस्ट डेब्यू में ही मचाया धमाल

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ बेन स्टोक्स ने टॉम हार्टली का डेब्यू कराया। भारत की पहली पारी में मात्र दो विकेट लेने वाले टॉम हार्टली का खूब मजाक बनाया गया। इसके बाद भारत की दूसरी पारी में कहर बनकर टूटे। हार्टली ने कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, अक्षर पटेल, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को अपना शिकार बनाया। हार्टली ने कुल 9 विकेट चटकाए।

### घर में सबसे शर्मनाक हार

भारत की यह अपने घर में अब तक इतिहास की सबसे शर्मनाक हार है। दरअसल, भारतीय टीम पहली बार अपने घर में पहली पारी में 100 या उससे ज्यादा रनों की बढ़त बनाकर हारी है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहली पारी में 190 रनों की बढ़त बनाई थी।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉली का रोहित बो अश्विन | 31 | 33 | 4 | 1 |
| बेन डकेट बो बुमराह | 47 | 52 | 7 | 0 |
| ओली पोप बो बुमराह | 196 | 278 | 21 | 0 |
| जो रूट पगबाधा बो बुमराह | 02 | 06 | 0 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो जडेजा | 10 | 24 | 1 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 06 | 33 | 0 | 0 |
| बेन फोक्स बो पटेल | 34 | 81 | 2 | 0 |
| रेहान का भरत बो बुमराह | 28 | 53 | 3 | 0 |
| टॉम हार्टली बो अश्विन | 34 | 52 | 4 | 0 |
| वुड का भरत बो जडेजा | 00 | 07 | 0 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 32, कुल : 102.1 ओवर में 420/10

गेंदबाजी : बुमराह 16.1-4-41-4, अश्विन 29-4-126-3, पटेल 16-2-74-1, जडेजा 34-1-131-2, सिराज 7-1-22-0.

| भारत दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा बो हार्टले | 39 | 58 | 7 | 0 |
| यशस्वी का पोप बो हार्टले | 15 | 35 | 2 | 0 |
| शुभमन का पोप बो हार्टले | 00 | 02 | 0 | 0 |
| राहुल पगबाधा बो रूट | 22 | 48 | 3 | 0 |
| अक्षर का एवं बो हार्टले | 17 | 42 | 3 | 0 |
| श्रेयस अय्यर का रूट बो लीच | 13 | 31 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा रन आउट | 02 | 20 | 0 | 0 |
| श्रीकर भरत बो हार्टले | 28 | 59 | 3 | 0 |
| अश्विन स्ट फोक्स बो हार्टले | 28 | 84 | 2 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 06 | 18 | 0 | 0 |
| सिराज स्ट फोक्स बो हार्टले | 12 | 20 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 20, कुल : 69.2 ओवर में 202/10

गेंदबाजी : रूट 19-3-41-1, मार्क वुड 8-1-15-0, टॉम हार्टले 26.2-5-62-7, लीच 10-1-33-1, रेहान अहमद 6-0-33-0.

# हॉकी : भारत की 1-5 की हार से दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म



एजेंसी ▶▶ केपटाउन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को यहां नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने 39वें मिनट में किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन (10वें और 28वें) ने दो गोल दागे जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजनकैम्प (16वें), जेप होडरमेकर्स (21वें) और कोएन बिजेन (35वें) ने एक एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया।

फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला दी। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया। अंतिम 15 मिनट में कोई गोल नहीं हुआ।

**जोसेफ को 7 विकेट**

# वेस्टइंडीज ने 27 साल बाद आस्ट्रेलिया को दी शिकस्त




एजेंसी ▶▶ ब्रिसबेन

शामार जोसेफ के सात विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर सात विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे।

> ■ स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर रहे नाबाद

### दो मैचों की सीरीज, 1-1 से बराबर



एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 वर्ष के जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। वाका पर 1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता है। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 311 और दूसरी पारी में 193 रन बनाए थे। मेजबान कंगारुओं ने 289 और दूसरी पारी में 207 रन ही बना सके।

# कोहली कभी नहीं गए एनसीए : रोहित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि विराट कोहली ने शायद ही कभी फिटनेस से संबंधित रिहैबिलिटेशन के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कदम रखा हो। रोहित ने उभरते हुए खिलाड़ियों को इस दिग्गज बल्लेबाज की 'खेल में सुधार और फिटनेस के लिए मेहनत' का पालन करने की सलाह दी।

> ■ भारतीय कप्तान रोहित ने उभरते हुए खिलाड़ियों को किया प्रेरित

रोहित ने 'जियो सिनेमा' पर भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक से कहा, 'विराट कोहली अपने पूरे करियर में कभी भी एनसीए नहीं गए। मैं कहूंगा कि सभी युवा खिलाड़ियों को उनके जुनून से सीखना चाहिए। उसके कवर ड्राइव, फ्लिक और कट जैसे शॉट का अनुसरण करने से पहले आपको यह समझना होगा कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता क्या है जो उसे आज इस मुकाम पर पहुंचाती है। मैंने कोहली को काफी देखा है। उसने जो हासिल किया है उससे वह आसानी से संतुष्ट हो सकता है। वह कह सकते हैं कि मैं इन दो-तीन श्रृंखलाओं में आराम करूंगा, लेकिन वह हमेशा टीम के लिए मौजूद हैं।'



# भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे को सरकार ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत की डेविस कप टीम पाकिस्तान की यात्रा करने जा रही है। भारत सरकार ने अपनी डेविस कप टीम को पाकिस्तान जाने की मंजूरी दे दी है। लगभग 60 साल बाद भारतीय टीम डेविस कप मैच के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने जा रही है। पाकिस्तान उच्चायोग ने भारतीय डेविस कप टीम के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए वीजा भी जारी कर दिया है। भारत-पाकिस्तान के बीच डेविस कप में वर्ल्ड ग्रुप-1 मैच 3 और 4 फरवरी को इस्लामाबाद में निर्धारित है।

आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने इस मैच को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने के अनुरोध को खारिज कर दिया था। इसके बाद अखिल भारतीय टेनिस संघ ने सरकार से अपनी टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने देने की मंजूरी मांगी थी। अगर भारतीय टीम दौरे पर नहीं जाती तो अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ पाकिस्तान को वॉकओवर दे सकता था। भारतीय डेविस कप टीम ने आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान की यात्रा की थी। तब उसने पाकिस्तान को 4-0 से हरा दिया था।

**पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण टीम से लिया था आराम**

# फिट दीपक चाहर की निगाहें टी20 विश्व कप पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर व्यक्तिगत तौर पर चुनौतीपूर्ण दौर के कारण कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाए लेकिन अब वह वापसी को तैयार हैं और उनकी निगाहें इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हुई हैं।

पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण वह दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे और फिर इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। चाहर ने कहा, 'मैं अपने पिता की वजह से ही यहां हूं, जो भी मैंने हासिल किया है वो अपने पिता की वजह से ही हासिल किया। इस हालत में




अगर उनके पास नहीं हूं तो मैं कैसा बेटा हूं? अगर यह श्रृंखला भारत में होती तो मैं निश्चित रूप से खेलने की कोशिश करता क्योंकि अगर जरूरत होती तो मैं चार-पांच घंटे में अस्पताल पहुंच सकता था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो तीन दिन वापस आने में लगते। तो मेरे लिए आसान फैसला अपने पिता के साथ रहने का था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा। मैं 25 दिन तक अपने पिता के साथ अस्पताल में था। वह आगरा में नहीं अलीगढ़ में थे। हम सभी को उनके साथ वहीं रूकना था। मैं बस कुछ व्यायाम ही कर पाता था। मैं कोई भी क्रिकेट गतिविधि नहीं कर रहा था इसलिए मैं अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए तैयार नहीं था।'

### एनसीए में किया अभ्यास

चाहर ने कहा, 'मैंने एक महीने से अभ्यास नहीं किया था। मैं एनसीए गया और अभ्यास शुरू किया। मैं अब पूरी तरह फिट हूं। सब ठीक है और मैंने आईपीएल और विश्व कप के लिए कड़ी ट्रेनिंग की है। मैं चोटों के कारण दो टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाया। अगर मैं पूरी तरह फिट होता तो मैं विश्व कप टीम का भी हिस्सा होता। किसी भी टीम संयोजन में हमेशा ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है तो जो सातवें, आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सके। मैंने ऐसा किया है और भारतीय टीम के लिए रन बनाए हैं।'



# 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फाइटर...

**मुंबई।** फिल्म फाइटर को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉस मिल रहा है। सिर्फ 4 दिनों के अंदर फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर भी यह धुंआधार कमाई कर रही है। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो पिछले 4 दिनों में फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ 45 लाख रुपए की कमाई कर चुकी है। फाइटर के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस की बात करें तो विश्व स्तर पर फिल्म की कमाई के आंकड़े ट्रेड विशेषज्ञ विजयबालन ने जारी किए हैं।

लाइफ Style

# जाह्नवी

## सूर्या संग लड़ाएंगी इश्क

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जूनियर एनटीआर संग काम करने के बाद जाह्नवी कपूर के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें वह एक और साउथ सुपरस्टार के साथ इश्क लड़ाती हुई दिखाई देंगी। इस फिल्म को राकेश ओम प्रकाश मेहरा डायरेक्ट करेंगे। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी ने बॉलीवुड के बाद साउथ इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने शुरू कर दिए हैं। खबर है कि उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें एक्ट्रेस साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जाह्नवी और सूर्या पहली बार एक पीरियड ड्रामा फिल्म में साथ दिखाई देंगे। बता दें कि फिलहाल एक्ट्रेस कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित फिल्म देवरा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू कर रही हैं। फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ दिखाई देंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन दिनों जाह्नवी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। पिछले दिनों ही उनकी अपकमिंग फिल्म देवरा का टीजर सामने आया था, जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म देखने के लिए बेताब हो गए हैं। बता दें कि देवरा में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। वहीं जाह्नवी थंगम के रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा फिल्म में सैफ अली खान भी हैं। वह इसमें विलेन के रोल में दिखाई देंगे। पहले देवरा अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। अब इसे साल के आखिरी में रिलीज किया जा सकता है।





# पेरिस में स्पॉट हुई रीटा ओरा

**लॉस एंजेलिस।** म्यूजिश्यन रीटा ओरा हॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित हसीनाओं में से एक हैं। रीटा ओरा अक्सर अपने लुक्स से फैंस की नींद उड़ा देती हैं। हाल ही में एक बार फिर रीचा ने अपने अंदाज से लोगों के होश उड़ा दिए। दरअसल रीटा ओरा को पेरिस के एक होटल के बाहर देखा गया। इस दौरान रीटा ओरा का बोल्ड लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो 33 साल की सिंगर क्रॉप टॉप, लो राइज स्नेक प्रिंट फ्लेयर्स में हॉट दिखीं। ठंड से बचने के लिए हसीना ने फर्र वाली जैकेट, स्कार्फ पेयर किया था। फुटविअर की बात करें तो रीटा ओरा ने ब्राउन शूज से लुक को स्टाइल किया। अपने लंबे ब्राउन बालों को ओपन रखते हुए हसीना ने मिनिमल मेकअप से लुक को पूरा किया।




# अब कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करेंगी नोरा...

**मुंबई।** नोरा फतेही ने केवीएन प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों के लिए नई डील साइन की है। नोरा तेलुगु के बाद अब कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में उनके अभिनय की शुरुआत करेंगी। केडी द डेविल नामक प्रोजेक्ट में नोरा की बेजोड़ डांस प्रस्तुत करेंगी। जाने माने कन्नड़ फिल्म निर्माता प्रेम द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक शानदार दृश्य बनने के लिए तैयार है। वह कहते हैं, नोरा फतेही काम के लिए बहुत समर्पण और फोकस के साथ आती हैं। मुझे इस ग्लोबल सेंसेशन पर बहुत भरोसा है और विश्वास है कि यह अनोखा जुड़ाव फिल्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। नोरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह सहयोग नए दर्शकों से जुड़ने और कर्नाटक में कहानी कहने की परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने का एक रोमांचक अवसर।



# उल जलूल इश्क में नजर आएंगी फातिमा सना...

***मुंबई।** एक्ट्रेस फातिमा सना शेख जल्द ही फिल्म उल जलूल इश्क में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ और भी कई टैलेंटेड एक्टर्स दिखेंगे। फिल्म उल जलूल इश्क में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा और शारिब हाशमी जैसे एक्टर्स भी अहम भूमिका निभाते नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी टीम पंजाब पहुंच चुकी है। हाल ही में ये एक्ट्रेस विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख भारत की दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में दिखी थी। इस किरदार में अपने शानदार अभिनय से एक्ट्रेस ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया था। फातिमा सना शेख कहती है कि दंगल को 7 साल हो गए हैं। एक ऐसी फिल्म, जिससे मैंने सनेमा में मेरी शुरुआत हुई और मुझे खुशी के आंसू और शाश्वत यादें दीं। दंगल से लेकर धक धक तक मेरा फिल्म करियर खुशियों, आंसुओं और दुखों के साथ भावनाओं की उतार चढ़ाव से भरा रहा है।*



# अब सोभिता ने किया हॉलीवुड का रुख

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री फिल्म मंकी मैन के साथ देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खीच रहा है। नेटफ्लिक्स की सीरीज और फिल्मों में बैक टू बैक धाक जमाने के बाद शोभिता धुलिपाला ने हॉलीवुड का रुख कर लिया है। इस हॉलीवुड डेब्यू के साथए सोभिता ने न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता की वर्सेटिलिटी दिखाई है बल्कि हॉलीवुड में और वैश्विक दर्शकों के दिलों में भी आगे बढ़ने का रास्ता बनाया है। मेड इन हेवन 2 में नजर आने के बाद सोभिता ने सिनेमा की दुनिया में धूम मचा दी है। फिल्म मंकी मैन 5 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930